● जयपुर, शनिवार 14 दिसंबर 24● वर्ष 14● अंक 100● पृष्ठ : 8● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950
दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम
# चमकता राजस्थान
विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार
"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @ 3 राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर झुंझुनूं जिला स्तरीय कार्यक्रम...
पेज @ 4 87 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी के साथ राजस्थान समूचे..
पेज @ 8 राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल के एक वर्ष के कार्यक्रम...

# इस्तांबुल हवाई अड्डे पर इंडिगो के 400 यात्री 24 घंटे से फंसे, नहीं मिला खाना-पीना

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

इंडिगो के साथ यात्रा कर रहे 400 यात्री उड़ान में देरी होने की वजह से पिछले 24 घंटे से तुर्की के इस्तांबुल हवाई अड्डे पर फंस हुए हैं। यात्रियों को न खाना मिला और न पानी।यात्रियों के रहने के लिए भी कोई वैकल्पिक इंतजाम नहीं किया गया है। उनको पूरा दिन हवाई अड्डे पर ही बितना पड़ा। यात्रियों में अधिकतर दिल्ली, मुंबई और तुर्की के लोग हैं।हवाई अड्डे पर यात्री इडिगो एयरलाइंस से काफी नाराज दिखे।

12 दिसंबर को रात 8:10 बजे रवाना होने वाली इस्तांबुल से दिल्ली की इंडिगो उड़ान को अगले दिन दोपहर 1:30 बजे तक के लिए टाल दिया गया।इसी तरह इस्तांबुल से मुंबई की उड़ान, जो 12 दिसंबर को रात 8:15 बजे रवाना होनी थी, उसे पहले रात 11 बजे तक, फिर अगली सुबह 10 बजे तक के लिए विलंबित कर दिया गया।इससे मुंबई और दिल्ली के यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। यात्रियों के लिए कोई इंतजाम नहीं था।

दिल्ली और मुंबई को लगातार विलंबित करने और टालने के बाद भी इंडिगो की ओर से यात्रियों की कोई मदद नहीं की गई। यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अपना दर्द साझा किया।यात्रियों ने बताया कि न तो उनके रहने के लिए कोई इंतजाम किया गया और न ही खाना-पानी ही पूछा गया।कुछ सोशल मीडिया में सामने आई तस्वीरों में बच्चे हवाई अड्डे पर ही फर्श पर सोते नजर आ रहे हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### मकोका मामले में विधायक नरेश बाल्यान को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मकोका मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के उत्तम नगर से विधायक नरेश बाल्यान को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कोर्ट ने 6 दिसंबर को आज तक की पुलिस हिरासत में भेजा था। आज नरेश बाल्यान की पुलिस हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद कोर्ट में पेश किया गया था। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 4 दिसंबर को वसूली के मामले में नरेश बाल्यान को जमानत दे दी थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने तत्काल मकोका के मामले में गिरफ्तार कर लिया था। दिल्ली पुलिस ने वसूली के मामले में नरेश बाल्यान को 30 नवंबर की रात में गिरफ्तार किया था। इससे पहले भाजपा ने नरेश बाल्यान की एक ऑडियो क्लिप जारी की थी, जिसमें गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू और बाल्यान के बीच बातचीत थी। इस ऑडियो क्लिप को शेयर करते हुए भाजपा ने बाल्यान पर वसूली का आरोप लगाया था। इसी ऑडियो क्लिप के आने के बाद बाल्यान को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पूछताछ के लिए बुलाया और पूछताछ के बाद उनको गिरफ्तार कर लिया था।

### सांसद इंजीनियर रशीद की अंतरिम जमानत पर 19 दिसंबर को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज विमल यादव ने टेरर फंडिंग मामले में जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट से सांसद इंजीनियर रशीद के खिलाफ दर्ज मामले की शुक्रवार को सुनवाई टाल दी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर को करने का आदेश दिया। सांसद रशीद ने पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दायर कर संसद सत्र में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की है। रशीद ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये कोर्ट में पेश होकर कहा था कि मुझे लोगों ने चुना है और संसद के पिछले सत्र में मुझे हिस्सा नहीं लेने दिया गया। रशीद ने हाथ जोड़कर कहा था कि उसे संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए अंतरिम जमानत दी जाए। इसके पहले एडिशनल सेशंस जज चंदर जीत सिंह ने 21 नवंबर को रशीद से जुड़े मामले को एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर करने के लिए प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज को भेजने का आदेश दिया था। इसके बाद इस मामले की सुनवाई प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज कर रहे थे।

### पार्थ चटर्जी को मिली जमानत, जेल से बाहर नहीं आएंगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कैश फॉर जॉब घोटाले से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को जमानत तो दी है, लेकिन अभी वे तुरंत रिहा नहीं होंगे। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को पार्थ चटर्जी के खिलाफ ट्रायल में तेजी लाने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट से कहा कि वो पार्थ चटर्जी के खिलाफ आरोप तय करने पर 31 दिसंबर तक फैसला ले। कोर्ट ने कहा कि आरोप तय करने और गवाहों के बयान दर्ज होने की कवायद जनवरी में पूरी कर ली जाए और इसके पूरा होते ही अधिकतम 1 फरवरी, 2025 तक पार्थ चटर्जी को जमानत पर रिहा कर दिया जाए। हालांकि, कोर्ट ने साफ किया कि जमानत मिलने के बाद पार्थ चटर्जी विधायक रह सकते हैं, पर किसी लोक सेवक के पद पर नियुक्त नहीं होंगे।

प्रधानमंत्री ने प्रयागराज को दी 5500 करोड़ के विकास परियोजनाओं की सौगात, बोले

# महाकुंभ से एकता का संदेश निकलेगा, यहां सब एक होंगे

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर (प्रयागराज)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 5500 करोड़ रुपये की 167 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री पूरी तरह से कुंभ के रंग में रंगे दिखे। उन्होंने संबोधन में कई श्लोक के जरिए प्रयागराज और कुभ की महिमा का बखान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ से एकता का संदेश निकलेगा, भाषा, जाति और क्षेत्र का कोई भेद नहीं होगा। यहां सब एक होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर मुझे इस महाकुंभ का वर्णन करना हो तो मैं कहूंगा कि एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी। इस आयोजन की भव्य एवं दिव्य सफलता की शुभकामनाएं देता हूं। हमारा भारत पवित्र नदियों और तीर्थस्थलों का देश है। इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है, उनका संगम, उनका समुच्चय, संयोग, प्रभाव प्रताप प्रयाग है। यह केवल तीन पवित्र नदियों का संगम ही नहीं है। श्लोक के साथ प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सूर्य मकर में प्रवेश करते हैं सभी दैवीय शक्तियां प्रयाग में आ जाती हैं। प्रयागराज की प्रशंसा वेदों में भी किया गया है। उन्होंने प्रयाग के पवित्र स्थलों का जिक्र करते हुए गुणगान किया। यह वह धरती है जहां धर्म, अर्थ, कम और मोक्ष सुलभ है। मुझे आशीर्वाद है कि यहां बार-बार आने का सौभाग्य मिलता है। आज हमने लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन किया। अक्षय वट का पूजन किया। इन दोनों स्थलों पर कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। यहां हजारों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। आप सबको इसके लिए बधाई देता हूं।




### महाकुंभ में दिखता है एक भारत श्रेष्ठ भारत की तस्वीर

प्रधानमंत्री ने कहा कि सैकड़ों साल की गुलामी का कालखंड रहा हो या कोई अन्य विपरीत परिस्थिति, आस्था का यह प्रवाह कभी नहीं रुका। यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि कुंभ में आना स्वतः चेतना की प्रेरणा से होता है। ऐसा संगम शायद ही दुनिया में कहीं मिलता है। यहां ज्ञानी, अज्ञानी, छोटे-बड़े, जातियों का भेद मिट जाता है। सब एक हो जाते हैं। इस बार भी यहां अलग-अलग राज्यों से करोड़ों लोग जुटेंगे। उनकी भाषा, मान्यताएं अलग हो सकती हैं लेकिन यहां सब एक हो जाएंगे। इसीलिए मैं कहता हूं कि यह एकता का महाकुंभ होगा। एक भारत श्रेष्ठ भारत की तस्वीर महाकुंभ पेश करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ में देश की स्थिति परिस्थिति पर संत महात्माओं का जुटान होता है। वे बैठकर चर्चा परिचर्चा करते थे। समाज की समस्याओं का हल निकालने का संदेश देते थे। आज भी वह प्रवाह चल रहा है।

### विश्वनाथ धाम, महालोक की चर्चा आज विश्वभर में

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ का इतना महत्व होने के बावजूद पहले की सरकारों में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। श्रद्धालु कष्ट उठाते रहे लेकिन उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा। उनका सनातन भारतीय संस्कृति से लगाव नहीं था। आज की डबल इंजन की सरकार संस्कृति और सभ्यता को महत्व देने वाली हैं। इसलिए हजारों करोड़ की परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। अयोध्या, वाराणसी, लखनऊ, रायबरेली से कनेक्टविटी को बेहतर किया गया है। हमारी सरकार ने विकास के साथ-साथ विरासत को भी समृद्ध बनाने पर फोकस किया है। आज देश के अलग-अलग हिस्सों में बौद्ध सर्किट, रामायण सर्किट जैसे अन्य सर्किट विकसित किए जा रहे हैं। अयोध्या के विकास के हम सब साक्षी हैं। विश्वनाथ धाम, महालोक की चर्चा आज विश्व में है। प्रयागराज का विकास इसी का प्रतीक है। हमारा यह प्रयागराज निषादराज की भी भूमि है।

# दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। यह धमकी ई-मेल के जरिए दी गई है। सूचना मिलने पर दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग की टीमें पहुंची। दोनों टीमें जांच कर रही हैं। अभी तक की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले नौ दिसंबर को दिल्ली के 40 से अधिक स्कूलों को ऐसी ही धमकी दी गई थी। दावा किया गया था कि उनके कैंपस में बम लगाए गए हैं। ई-मेल में कहा गया था कि अगर बम फटे तो भारी नुकसान होगा। मेल भेजने वाले ने ब्लास्ट रोकने के एवज में 30 हजार डॉलर की मांग की थी। छह स्कूलों को भेजे गए ई-मेल में धमकाया गया है कि आपके स्कूल परिसर में कई विस्फोटक हैं। इस गतिविधि में एक डार्क वेब समूह और कई रेड रूम भी शामिल हैं। बम इमारतों को नष्ट करने और लोगों को नुकसान पहुंचाने के लिए काफी शक्तिशाली हैं। 13 और 14 दिसंबर (दोनों दिन) यह फट सकते हैं।

# भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यालय को बम से उड़ाने की मिली धमकी, छानबीन जारी

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल आरबीआई की वेबसाइट पर मिला है। इसके बाद मुंबई के एमआरए पुलिस स्टेशम में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। मुंबई पुलिस के जोन 1 के पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 'भारतीय रिजर्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर एक धमकी भरा ई-मेल आया है। ई-मेल रूसी भाषा में था, जिसमें बैंक को उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। माता रमाबाई मार्ग एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।'

कुछ महीने पहले मुंबई में आरबीआई के पिछले गेट पर संदिग्ध गाड़ी रखे जाने की जानकारी मिली थी। उस समय आरबीआई के सुरक्षा रक्षक ने एमआरए पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया था। इस मामले में अभी तक पुलिस ने किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है।

बीजापुर के नेंड्रा जंगल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़

# दो वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया

एजेंसी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेंड्रा के जंगल में शुक्रवार पुलिस ने एक मुठभेड़ में दो नक्सलियों को ढेर कर दिया है। पुलिस ने घटनास्थल पर दोनों नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। पुलिसने शव के पास से हथियार भी जब्त किए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र के नेंड्रा के जंगल में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी है। इस पर इलाके में कोबरा 210, सीआरपीएफ 168 बटालियन की यंग प्लाटून, डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के जवानों की संयुक्त टीम नेंड्रा के जंगल सुबह 7.30 बजे पहुंच कर सर्च अभियान चलाया। सुरक्षाबलों के जवानों को अपनी ओर आता देखकर नेंड्रा के जंगल में मौजूद नक्सलियों ने गोलियां बरसानी शुरू कर दी। इसके जवाब में जवानों ने नक्सलियों का मुंहतोड़ जवाब देकर फायरिंग की। इस मुठभेड़ में दो वदीर्धारी नक्सली मारे गये हैं। मुठभेड़ में मारे गये दोनों वदीर्धारी पुरुषों के शव बरामद कर लिए हैं। बीजापुर के एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए हैं। घटनास्थल से दो नग 12 बोर सिंगल शाट गन, एक नग देसी गन, कोर्डेक्स वायर, टिफिन बम, प्रिंटर, नक्सली वर्दी, साहित्य एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया है।

# किसानों को शंभू बॉर्डर खाली करने के लिए करें राजी : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर धरना दे रहे किसानों को सुचारूपूर्वक खाली करने के लिए उन्हें मनाने का प्रयास करने का शुक्रवार को निर्देश दिया और साथ ही सुझाव दिया कि वे (किसान) अपना आंदोलन अस्थायी रूप से स्थगित कर सकते हैं।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने यह निर्देश देते कहा कि इस मामले में शीर्ष अदालत द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के सदस्य सचिव ने पहले आश्वासन दिया था कि समिति किसानों को मनाने का संकल्प लेगी।



शीर्ष न्यायालय ने महसूस किया कि बातचीत जारी रहने के कारण आंदोलन को कुछ समय के लिए स्थगित किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा, 'सबसे बेहतर होगा कि समिति की ओर से किसानों को मनाने का प्रयास हो चाहिए।फिलहाल, वे (किसान) अपना आंदोलन स्थगित कर सकते हैं। वे कहीं स्थानांतरित हो सकते हैं। हम यह नहीं कह रहे हैं कि उन्हें विरोध नहीं करना चाहिए।'

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा, 'अगर कुछ नहीं होता है तो आंदोलन जारी रह सकता है।' शीर्ष अदालत ने पिछले 17 दिनों से अनशन बैठे पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल को तत्काल चिकित्सा सहायता देने का भी निर्देश दिया।

### समिति को कुछ समय दिया जाना चाहिए

उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान जोर देकर कहा कि समिति का प्राथमिक कार्य किसानों को अपना आंदोलन स्थानांतरित करने या अस्थायी रूप से निलंबित करने के लिए राजी करना है ताकि नाकाबंदी हटाई जा सके। समिति को इस मुद्दे को हल करने के लिए कुछ समय दिया जाना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि समिति की प्रगति अनुमान से धीमी है। उन्होंने कहा कि एक प्रारंभिक रिपोर्ट दायर की गई है।

**रक्षा अनुसंधान** > भारत ने हासिल की एयर-टू-एयर मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक

# लंबी दूरी की मिसाइल विकसित करने में मिलेगी मदद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने अब हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) का अंतिम परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित यह तकनीक भारत को लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल विकसित करने में मदद करेगी।



डीआरडीओ के मुताबिक सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रणोदन आधारित मिसाइल प्रणाली का अंतिम प्रायोगिक परीक्षण सफल रहा है। ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किये गए परीक्षण में इस्तेमाल की गई जटिल मिसाइल प्रणाली ने सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा किया। आईटीआर में तैनात टेलीमेट्री, रडार और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंट्स ने इस प्रणाली के सफल प्रदर्शन को पुष्ट किया। एसएफडीआर को हैदराबाद की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला ने डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं जैसे हैदराबाद की अनुसंधान केंद्र इमारत और पुणे की उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला के सहयोग से विकसित किया गया है।

एसएफडीआर का विकास 2013 में शुरू हुआ और वास्तविक प्रदर्शन शुरू करने के लिए पांच साल की समय सीमा तय की गई। मिसाइल का ग्राउंड आधारित परीक्षण 2017 में शुरू हुआ था। सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट का पहला परीक्षण 30 मई, 2018 को किया गया था। इस परीक्षण के जरिये भारत ने पहली बार नोजल-कम बूस्टर का प्रदर्शन किया। दूसरा परीक्षण 8 फरवरी, 2019 को हुआ, जिसमें मिसाइल ने लक्ष्य के मुताबिक वांछित गति से आखिरकार जमीन को छू लिया। इसके बाद 08 अप्रैल, 2022 को हुए बूस्टर तकनीक का सफल परीक्षण किया गया। अब अंतिम परीक्षण में भारत ने एयर-टु-एयर मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है।

### वैज्ञानिकों का दावा : हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने वाला पहला देश बना भारत

रक्षा वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि भारत लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने वाला पहला देश है, जो ध्वनि की गति से आठ गुना अधिक गति से यात्रा कर सकती है और वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी में एक गेम-चेंजर है, जो किसी अन्य देश के पास नहीं है। डीआरडीओ ने हाल ही में देश की पहली लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया, जो लगभग 3 किमी प्रति सेकंड की गति से 1,500 किमी से अधिक दूरी तक पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह के हथियार ले जा सकती है। भारत के पास अब हाइपरसोनिक मिसाइल है, जो गति, सीमा, सटीकता और पता लगाने की क्षमता के मामले में गेम-चेंजर है, जिससे सशस्त्र बलों को बढ़त हासिल होगी।

# अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चार भारतवंशियों को दिया क्षमादान

एजेंसी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी विदाई से कुछ समय पहले गुरुवार को लगभग 1,500 आरोपितों की सजा कम की और 39 लोगों को माफी दी। उन्होंने इस दौरान चार भारतीय-अमेरिकियों को भी क्षमादान भी दिया। इतनी बड़ी संख्या में एक दिन में क्षमादान देने की हाल के दिनों की यह इकलौती घटना है।

बाइडेन ने एक्स हैंडल पर लिखा, "आज मैं अहिंसक अपराधों वाले 39 लोगों को माफ कर रहा हूं, जिन्होंने पश्चाताप और पुनर्वास का प्रदर्शन किया है। मैं लगभग 1,500 अन्य लोगों की सजा कम कर रहा हूं।" बाइडेन ने अपनी टिप्पणी के साथ व्हाइट हाउस की रिलीज भी साझा की। उन्होंने कहा कि अमेरिका का निर्माण दूसरे अवसरों पर हुआ था। ये क्षमा और परिवर्तन इसी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

राष्ट्रपति बाइडेन की इस उदारता से चार भारतवंशियों डॉ. मीरा सचदेव (63), बाबूभाई पटेल, कृष्णा मोटे (54) और विक्रम दत्ता (63) और उनके परिवारों को राहत मिली है। डॉ. मीरा को दिसंबर 2012 में मिसिसिपी के एक कैंसर सेंटर में धोखाधड़ी करने के जुर्म में 20 साल की सजा और करीब 82 लाख अमेरिकी डॉलर वापस करने का आदेश दिया था। बाबूभाई को 2013 में स्वास्थ्य सेवा में धोखाधड़ी और अन्य अपराधों के लिए 17 साल की सजा सुनाई गई थी। कृष्णा मोटे को 2013 में नशीले पदार्थ से संबंधित मामलों में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

# बांग्लादेश के साथ संतुलित साझेदारी कैसे बनाए रखें

बांग्लादेश के साथ बिगड़ते सम्बंधों के कारण पूर्वोत्तर में भारत की पहुँच खतरे में पड़ गई है और संकरी 'चिकन नेक' और भी अधिक असुरक्षित हो गई है। अस्थिर म्यांमार सीमा और बिगड़ते भारत-बांग्लादेश सम्बंध भारत के पूर्वोत्तर में अशांति और उग्रवाद को बढ़ा सकते हैं। शेख हसीना के बाहर जाने सहित राजनीतिक परिवर्तनों ने द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के विकास को रोक दिया है। बांग्लादेश में घरेलू राजनीतिक परिवर्तन और वैचारिक बदलाव भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा दे सकते हैं, जो संभावित रूप से मज़बूत सामाजिक और सांस्कृतिक सम्बंधों को कमजोर कर सकते हैं। बांग्लादेश के राजनीतिक बदलाव चीन को बांग्लादेश में भारत की उपस्थिति और प्रभाव को चुनौती देने का अवसर प्रदान करते हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच समृद्ध इतिहास है, जिसमें सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक सम्बंध गहरे हैं। दक्षिण एशिया में भारत के सबसे महत्त्वपूर्ण पड़ोसियों में से एक के रूप में बांग्लादेश भारत की पड़ोस कूटनीति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बांग्लादेश की रणनीतिक स्थिति भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के साथ व्यापार और संपर्क बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अंतर्देशीय जल पारगमन और व्यापार पर भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और देश के बाक़ी हिस्सों के बीच संपर्क की सुविधा प्रदान करता है, जिससे व्यापार और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा मिलता है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है और भारत एशिया में बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है, हाल के वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वित्त वर्ष 2022-23 में, कुल द्विपक्षीय व्यापार 15.9 बिलियन अमरीकी डॉलर बताया गया है, जो दोनों देशों के बीच बढ़ती आर्थिक निर्भरता और व्यापार सहयोग को दर्शाता है। बांग्लादेश आतंकवाद और सीमा प्रबंधन सहित कई सुरक्षा मुद्दों पर भारत के साथ सहयोग करता है। ₹अभ्यास सम्प्रीति₹ भारत और बांग्लादेश के बीच एक वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास है जो सुरक्षा सहयोग को बढ़ाता है। भारत और बांग्लादेश के बीच साझा नदियाँ स्थायी उपयोग के लिए जल संसाधन प्रबंधन में सहयोग को आवश्यक बनाती हैं। 1996 की भारत-बांग्लादेश जल संधि गंगा नदी से जल बंटवारे को नियंत्रित करती है, जिससे दोनों देशों के लिए जल संसाधनों तक समान पहुँच सुनिश्चित होती है। भारत और बांग्लादेश के बीच समृद्ध सांस्कृतिक सम्बंध हैं, जो उनके राजनयिक सम्बंधों को मज़बूत करते हैं। उदाहरण के लिए: बंगाली संस्कृति, जो दोनों देशों में आम है, कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देती है, आपसी समझ और सद्भावना को बढ़ावा देती है। बांग्लादेश सार्क, बिम्सटेक और बीबीआईएन जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अपनी सदस्यता के माध्यम से क्षेत्रीय सहयोग में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बांग्लादेश में राजनीतिक परिवर्तनों के बीच संतुलित साझेदारी बनाए रखने में भारत के सामने आने वाली चुनौतियाँ राजनीतिक अस्थिरता हैं। बांग्लादेश में 2024 का राजनीतिक संकट, जो विरोध प्रदर्शनों, नेतृत्व परिवर्तनों और अशांति से चिह्नित है, उसने दोनों देशों की भागीदारी में अनिश्चितता पैदा की, विशेष रूप से सीमा सुरक्षा और व्यापार मामलों पर। धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमलों के कारण कूटनीतिक तनाव पैदा हुआ है, जिससे लोगों के बीच आपसी सम्बंध और दोनों देशों के बीच समग्र सहयोग प्रभावित हुआ है। भारत को द्विपक्षीय मुद्दों को सम्बोधित करने के लिए उच्च-स्तरीय राजनयिक आदान-प्रदान के माध्यम से बांग्लादेश के साथ नियमित रूप से जुड़ना चाहिए। भारतीय विदेश सचिव की अपने बांग्लादेशी समकक्ष के साथ विदेश कार्यालय परामर्श के लिए ढाका की हालिया यात्रा अगस्त 2024 में अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद पहली उच्च स्तरीय बैठक थी। भारत मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत में तेजी लाकर आर्थिक सम्बंधों को और मज़बूत कर सकता है। एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता व्यापार बाधाओं को दूर करने और आपसी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा, विशेष रूप से आतंकवाद और सीमा प्रबंधन पर बांग्लादेश के साथ सहयोग को गहरा करना चाहिए। उदाहरण के लिए: सुरक्षा समन्वय में सुधार और सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए ₹अभ्यास सम्प्रीति₹ जैसी संयुक्त सुरक्षा पहलों का विस्तार किया जा सकता है। भारत को बांग्लादेश के साथ एक निष्पक्ष और न्यायसंगत समझौते पर बातचीत करके तीस्ता नदी जल-बंटवारे के विवाद को हल करने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

सांस्कृतिक, शैक्षिक और पर्यटन आदान-प्रदान लोगों के बीच मज़बूत सम्बंध बना सकते हैं, अविश्वास को कम कर सकते हैं और सहयोग बढ़ा सकते हैं। पर्यटन मार्गों और बंगाली त्योहारों जैसे लोगों के बीच आदान-प्रदान का विस्तार करने से आपसी समझ बढ़ेगी और सांस्कृतिक सम्बंध मज़बूत होंगे। बांग्लादेश के साथ भारत के रणनीतिक सम्बंध क्षेत्रीय स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। राजनीतिक चुनौतियों का समाधान करके, आर्थिक सहयोग बढ़ाकर और सुरक्षा सहयोग को मज़बूत करके, भारत बांग्लादेश के साथ गहरे सम्बंधों को बढ़ावा दे सकता है। यह दृष्टिकोण गुजराल सिद्धांत को दर्शाता है, जो गैर-पारस्परिक समायोजन और आपसी सम्मान की वकालत करता है, भारत के पड़ोसियों के बीच सामंजस्यपूर्ण सम्बंधों को बढ़ावा देता है।

# डी गुकेश, शह और मात का नया शहंशाह



डॉ. आरके सिन्हा



सारा भारत आज के दिन डी. गुकेश के विश्व शतरंज चैंपियन बनने से गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गुकेश ने एक नया इतिहास रच दिया है। वे सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने अपने अद्भुत प्रदर्शन से पूरे भारत का मान बढ़ाया है। उनकी इतनी शानदार सफलता में उनकी असाधारण प्रतिभा, समर्पण और रणनीतिक दृष्टिकोण अहम रहे। गुकेश ने बहुत कम उम्र में शतरंज खेलना शुरू कर दिया था, जिससे उन्हें खेल की बारीकियों को समझने और अपनी प्रतिभा को विकसित करने का पर्याप्त समय मिला। उनमें जन्मजात प्रतिभा है और उनकी ग्रहण करने की क्षमता बहुत तेज है, जिससे वे जटिल शतरंज रणनीतियों को आसानी से समझ पाते हैं। उन्होंने शतरंज के प्रति पूर्ण समर्पण दिखाया है और लगातार अभ्यास करके अपनी क्षमताओं को निखारा है। गुकेश को अनुभवी और कुशल प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन मिला, जिन्होंने उनकी खेल तकनीकों को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण और संसाधनों तक पहुंच मिली, जिससे उन्हें विश्व स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिली। गुकेश के प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग शामिल था, जिससे उनकी खेल रणनीति का विश्लेषण करना और सुधार करना आसान हो गया।

### रणनीतिक गहराई

गुकेश के पास शतरंज में गहरी रणनीतिक सोच है, जो उन्हें खेल के दौरान तत्काल सही निर्णय लेने में मदद करती है। वे दबाव की स्थितियों में भी शांत और संयमित रहते हैं, जिससे वे महत्वपूर्ण मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। उनमें मानसिक रूप से मजबूत होने की क्षमता है, जिससे वे हार से निराश नहीं होते और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित रहते हैं।

गुकेश नियमित रूप से शतरंज का अभ्यास करते हैं और अपनी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वे अपने पिछले मैचों का विश्लेषण करते हैं और अपनी गलतियों से सीखते हैं, जिससे उनकी खेल रणनीति में लगातार सुधार होता रहता है। वे शतरंज के महान खिलाड़ियों के खेलों का लगातार गम्भीरतापूर्वक अध्ययन करते रहते हैं और उनसे नई तकनीकों को सीखते हैं। गुकेश ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, जिससे उन्हें उच्च स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अनुभव मिला है। उन्होंने अलग-अलग शैली के खिलाड़ियों का सामना किया है, जिससे उनकी खेल में विविधता आई है और उन्हें विभिन्न स्थितियों के लिए तैयार किया गया है। गुकेश को अपने परिवार से भरपूर समर्थन और प्रेरणा मिली है, जो उनकी सफलता में एक महत्वपूर्ण कारक है। उनके परिवार ने उनके संघर्षों के दौरान उनका भावनात्मक रूप से समर्थन किया और उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इन सभी कारणों के संयोजन ने गुकेश को विश्व शतरंज चैंपियन बनने में मदद की है। उनकी सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह भारत में शतरंज के विकास और प्रोत्साहन का भी प्रतीक है। इस बीच, कुछ जानकार गुकेश और पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद की तुलना भी रहे कर रहे हैं। गुकेश और विश्वनाथन आनंद, दोनों ही भारतीय शतरंज के महान खिलाड़ी हैं, लेकिन उनकी शैलियों, दृष्टिकोण और खेल में कुछ समानताएं और कुछ मौलिक अंतर भी हैं। दोनों ही खिलाड़ियों में शतरंज की असाधारण प्रतिभा है। वे जटिल स्थितियों को समझने और सटीक चाल चलने में माहिर हैं। दोनों ही खिलाड़ी अपनी रणनीतिक गहराई के लिए जाने जाते हैं। वे न केवल तात्कालिक लाभ पर ध्यान देते हैं, बल्कि लंबी अवधि की योजनाओं को भी ध्यान में रखते हैं। दोनों ही खिलाड़ियों में दृढ़ संकल्प है और वे कभी भी हार नहीं मानते हैं। उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों से वापसी की है और जीत हासिल की है।

दोनों ही खिलाड़ी अपनी शालीनता और खेल भावना के लिए जाने जाते हैं। वे हारने पर भी सम्मान बनाए रखते हैं। विश्वनाथन आनंद एक अनुभवी खिलाड़ी हैं जो 90 के दशक से खेल रहे हैं, जबकि गुकेश एक युवा और उभरते हुए खिलाड़ी हैं। आनंद ने कंप्यूटर युग से पहले शतरंज खेला, जबकि गुकेश का विकास कंप्यूटर के युग में हुआ है। आनंद अपनी तेज और आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं, जबकि गुकेश एक अधिक रणनीतिक और रक्षात्मक खिलाड़ी हैं। आनंद त्वरित चालों और जटिलताओं में माहिर हैं, जबकि गुकेश स्थिति को नियंत्रित करने और धैर्यपूर्वक आगे बढ़ने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। जाहिर है, आनंद के पास खेल का अधिक अनुभव है और उन्होंने कई विश्व चैंपियनशिप जीती हैं, जबकि गुकेश अभी भी अपने करियर के शुरुआती चरण में हैं। आनंद ने दशकों तक शीर्ष स्तर पर खेला है, जबकि गुकेश अभी भी वैश्विक शतरंज समुदाय में अपनी जगह बना रहे हैं।

आनंद एक अधिक सहज और रचनात्मक खिलाड़ी हैं, जबकि गुकेश अधिक व्यवस्थित और वैज्ञानिक खिलाड़ी हैं। आनंद स्वाभाविक रूप से प्रेरित होकर खेलते हैं, जबकि गुकेश अपनी तैयारी पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। भारत में शतरंज पहले से ही काफी लोकप्रिय है, लेकिन गुकेश जैसे युवा खिलाड़ियों के उदय से यह और भी लोकप्रिय हो सकता है।गुकेश जैसे युवा खिलाड़ियों की सफलता से युवा पीढ़ी को शतरंज में रुचि लेने की प्रेरणा मिलेगी। युवाओं के लिए एक आदर्श मॉडल होने से अधिक युवा शतरंज खेलने के लिए आकर्षित होंगे। ऑनलाइन शतरंज प्लेटफॉर्म और कंप्यूटर विश्लेषण उपकरणों की उपलब्धता से खेल अधिक सुलभ हो गया है। इंटरनेट के माध्यम से सीखने और खेलने के विकल्पों ने शतरंज को अधिक सुविधाजनक बना दिया है। शतरंज को अब पहले से अधिक मीडिया कवरेज मिल रहा है, जिससे खेल के बारे में जागरूकता बढ़ रही है। प्रमुख समाचार चैनलों और खेल वेबसाइटों पर शतरंज की घटनाओं को कवर किया जा रहा है। शतरंज को अब स्कूलों में एक शैक्षणिक उपकरण के रूप में मान्यता दी जा रही है, जिससे बच्चों को खेल के लाभों का अनुभव करने का अवसर मिल रहा है। स्कूलों में शतरंज को बढ़ावा देने से आने वाली पीढ़ी के लिए इसे और लोकप्रिय बनाया जा सकता है। शतरंज में प्रायोजन में वृद्धि से खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाने में मदद मिलेगी। प्रायोजकों द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करने से खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं को विकसित करने और प्रदर्शन में सुधार करने में मदद मिलेगी। गुकेश का विश्व चैंपियन बनना भारत में शतरंज को और लोकप्रिय बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया जाएगा और शतरंज में करियर बनाने के लिए एक नया रास्ता खुलेगा।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# दिल्ली विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए बड़ी चुनौती




मनोज कुमार मिश्र

करीब दो महीने बाद होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के सामने आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की छवि को ध्वस्त करने की सबसे बड़ी चुनौती है। आआपा पूरी तरह से केजरीवाल की पार्टी है। यह बार-बार साबित हो चुका है कि इस पार्टी में केजरीवाल के अलावा किसी की कोई राजनीतिक औकात नहीं है। चाहे खुद केजरीवाल ने जिन्हें पार्टी से बाहर किया या जो खुद कोई कारण बताकर बाहर हुए, वे अपना कोई ठोस आधार नहीं बना पाए। शराब घोटाले में केजरीवाल समेत आआपा के अनेक आला नेताओं के जेल जाने के बाद उनकी साख (यूएसपी) पर ही सवाल उठ गए हैं। इसलिए जेल से बाहर आने के साथ केजरीवाल ने वह सभी काम करना शुरू कर दिया जिससे दिल्ली विधानसभा चुनाव जीता जा सके। माना गया कि महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड इत्यादि अनेक राज्यों में सत्ताधारी पार्टी की वापसी का एक आधार महिलाओं को सीधे हर महीने पैसे देना था। इसीलिए दिल्ली की आआपा सरकार ने पहले की घोषणाओं के साथ-साथ 12 दिसंबर को दिल्ली में हर महिला को हर महीने एक हजार रुपए देने का फैसला किया। जिन आर्थिक लाभों के लिए उनकी आलोचना होती थी, खुलेआम उसे रेवड़ी कह कर प्रचारित किया जा रहा है। अपने समर्थकों के लिए तरह-तरह के वायदे किए जा रहे हैं। बावजूद इसके अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी ने थोक में अपने विधायकों का टिकट काटकर दूसरे दलों से आए नेताओं को टिकट देना शुरू किया है। अब तक 70 में से 31 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए गए हैं, उसमें ज्यादातर उम्मीदवार नए और दूसरे दलों से आए नेता हैं। बावजूद इसके सत्ता की दावेदार भाजपा आक्रामक होने के बजाए केजरीवाल के एजेंडे पर ही अब तक चलती दिख रही है। न तो भाजपा अभी तक अपना मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित कर पाई न ही भाजपा के चुनाव अभियान को अपने एजेंडे पर लाने का कोई ठोस प्रयास किया है। आआपा का गठन ही भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान आंदोलन चलाने के नाम पर हुआ था। केजरीवाल अपने को और अपनी पार्टी के नेताओं को कट्टर ईमानदार बताते थे। शराब घोटाले में अनेक बड़े नेताओं के जेल जाने के बाद केजरीवाल केन्द्र सरकार पर केन्द्रीय जांच एजेंसी के दुरुपयोग के आरोप लगाते रहे हैं लेकिन पहले की तरह भ्रष्टाचार को केन्द्रीय मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं दिख रहे हैं। आम आदमी की पार्टी होने के केजरीवाल के दावे को उनकी सरकारी कोठी पर हुए खर्च आदि ने गलत साबित कर दिया है। दिल्ली में तो कांग्रेस हाशिए पर पहुंच गई है, भाजपा भी इसे सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनाती नहीं दिख रही है। महाराष्ट्र और झारखंड राज्य के चुनाव संपन्न होने के बाद सभी की निगाहें दिल्ली पर लगी है। लगातार तीन लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सातों सीटें जीतने के बावजूद दिल्ली विधानसभा में भाजपा 1993 के बाद कभी बहुमत में नहीं आ पाई। आआपा ने कांग्रेस को हाशिए पर ला दिया और फ्री बिजली-पानी के नाम पर राजधानी के एक बड़े तबके का भारी समर्थन हासिल किया है। कांग्रेस के नेता तो अपने वजूद को बचाए रखने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उनकी राजनीतिक हैसियत जानकर ही आआपा उनसे विधानसभा चुनाव में समझौता करने को तैयार नहीं है। लोकसभा चुनाव में समझौता हुआ तो भले ही आआपा या कांग्रेस को कोई सीट न मिली लेकिन कांग्रेस को 2020 के विधानसभा के मुकाबले चार के बजाए 18 फीसदी वोट मिले। केजरीवाल को यह लग रहा होगा कि कांग्रेस से समझौता करके कुछ सीट देने से उसका दिल्ली में फिर से वजूद बन जाएगा। ऐसा वह आसानी होने देना नहीं चाहेगी। यह सभी को पता है कि आआपा की बुनियाद ही कांग्रेस के माने जाने वाले मतदाता रहे हैं। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीतने के बाद से भाजपा के हौसले बुलंद हैं। बावजूद इसके अब तक वह न तो आक्रामक अभियान चला पा रही है और न ही अपना मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित कर पाई है। राजनीति के खेल में कई रिकार्ड बनाना वाले आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक और अब दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री बन गए अरविंद केजरीवाल के सामने अपनी और अपनी पार्टी की साख (यूएसपी) बचाने का संकट है। कट्टर ईमानदार होने का दावा करने वाले केजरीवाल और उनकी पार्टी पर भ्रष्टाचार का केवल आरोप नहीं लगा है बल्कि शराब घोटाले के आरोप में केजरीवाल समेत अनेक बड़े नेता जेल गए। केजरीवाल को भी करीब छह महीने जेल में रहने के बाद इसी 13 सितंबर को सशर्त जमानत मिली। उन्होंने शहीद बनने के अंदाज में अपने पद से इस्तीफा देकर अपनी सहयोगी आतिशी मार्लेन (मार्क्स और लेनिन का संक्षेप) सिंह को मुख्यमंत्री बनाया। घोषणा कर दी कि लोगों की नजरों में आरोप मुक्त होने के बाद ही वे और उनसे पहले उसी तरह की शर्तों के साथ जमानत पाए उनके साथ उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया कोई सरकारी पद नहीं लेंगे। मुख्यमंत्री बनने के साथ ही आतिशी ने कहा कि वे तो दिल्ली विधानसभा चुनाव तक यानी केवल चार महीने के लिए मुख्यमंत्री हैं। उसके बाद फिर से अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बन जाएंगे। वे तो मुख्यमंत्री के दफ्तर में केजरीवाल की कुर्सी के बजाए बगल में दूसरी कुर्सी पर बैठ रही है।

केजरीवाल इस बात को छुपा रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट की शर्तों में एक शर्त यह भी है कि वे न तो सचिवालय जा सकते हैं और न ही कोई सरकारी फाइल देख सकते हैं। यही आदेश सुप्रीम कोर्ट ने उनके साथ लंबे समय तक उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया को जमानत देते हुए दिए। इससे यह भी साफ हो रहा है कि चाहे आआपा फिर से विधानसभा चुनाव जीत जाए लेकिन अरविंद केजरीवाल अदालत के आदेश के बिना मुख्यमंत्री नहीं बन सकते हैं। यह तय-सा है कि दिल्ली में आआपा का कोई भी मुख्यमंत्री हो, सरकार अरविंद केजरीवाल के हिसाब से ही चलेगी और चलती हुई दिख रही है। आआपा के इस छोटे से कार्यकाल में अनेक नेताओं पर आरोप लगे। कुछ को तो आआपा ने ही विदा किया और कुछ को कानूनी तरीके से आरोप लगने के बाद विदा किया गया। फर्जी डिग्री के आरोपित जितेन्द्र सिंह तोमर को तो भारी विरोध के बाद मंत्री से हटाया गया। अवैध धन शोधन के मामने में सतेन्द्र जैन की गिरफ्तारी के महीनों बाद विभाग लिए गए। फिर तो शराब घोटाले में पहले मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह और फिर खुद केजरीवाल गिरफ्तार हुए। 2011 के दिल्ली में भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजसेवी अण्णा हजारे के आंदोलन में शामिल अनेक नेताओं ने 26 अक्तूबर, 2012 को आम आदमी पार्टी (आआपा) के नाम से राजनीतिक दल बनाकर 2013 में होने वाले दिल्ली विधान सभा चुनाव लड़ना तय किया। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में 2013 का विधानसभा चुनाव लड़ा गया। पहले ही चुनाव में ही बिजली-पानी फ्री का मुद्दा कारगर हुआ। आआपा को 70 सदस्यों वाली विधानसभा में करीब 30 फीसद वोट और 28 सीटें मिली। भाजपा ने करीब 34 फीसद वोट के साथ 32 सीटें जीती और दिल्ली में 15 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस को 24.50 फीसद वोट के साथ महज आठ सीटें मिली। भाजपा के मना करने पर आआपा ने कांग्रेस से बिना मांगे समर्थन से सरकार बनाई और नियम का पालन किए बिना लोकपाल विधेयक विधान सभा में पेश करने से रोके जाने के खिलाफ 49 दिन पुरानी सरकार ने इस्तीफा दिया। दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगा। कांग्रेस की कमजोरी और भाजपा की अधूरी तैयारी के चलते और बिजली-पानी फ्री करने के वायदे ने आप को 2015 के चुनाव में दिल्ली विधान सभा में रिकार्ड 54 फीसदी वोट के साथ 67 सीटों पर जीत दिलवा दी। उस चुनाव के बाद पार्टी में अरविंद केजरीवाल का राजनैतिक कद और बढ़ गया। दोबारा मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने दिल्ली से बाहर पार्टी को न ले जाने का घोषणा कर दी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि पार्टी को वोट उनके नाम से मिलते हैं।

# अतुल की खुदकुशी क्रूर सिस्टम और भ्रष्ट न्याय व्यवस्था पर सवाल!



मनोज कुमार अग्रवाल

बंगलुरु में एक अपार्टमेंट में पत्नी के द्वारा लगाए गए दहेज उत्पीड़न और अन्य मुकदमों से त्रस्त एक होनहार इंजीनियर अतुल की खुदकुशी का मामला पति-पत्नी के संबंधों के बीच निष्ठुरता स्वार्थ सिर्फ धन संपदा वसूली की चाहत और पति उत्पीड़न का औजार बने कानूनी प्रावधानों के साथ ही न्यायिक अधिकारीयों के कदाचार और भ्रष्टाचार पर सम्मिलित चोट है।

देश में बनने वाला हर कानून नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए बनाया जाता है, ताकि हर पीड़ित को इंसाफ और उसका हक मिल सके। महिलाओं के साथ होने वाले तमाम तरह के अपराधों, शारीरिक-मानसिक शोषण, प्रताड़ना और हिंसा से उन्हें बचाने के लिए उन्हें कई कानूनी कवच दिए गए हैं, इससे उनकी स्थिति पहले से मजबूत हुई है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाएं गए कानूनों का दुरुपयोग बढ़ा है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानून व्यक्तिगत प्रतिशोध के लिए हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। असंतुष्ट पत्नियां दहेज विरोधी कानून का दुरुपयोग धड़ल्ले से कर रही हैं।

ऐसी घटनाएं वास्तव में देखने को मिली हैं कि पति से संबंध तोड़ने से पहले नाराज पत्नियां हिंसा और उत्पीड़न का इल्जाम न सिर्फ पति के पूरे परिवार, बल्कि दूरदराज के रिश्तेदारों पर भी लगा देती हैं। अकसर ऐसे आरोप कोर्ट में सिद्ध नहीं होते, मगर उसके पहले आरोपी बनाए गए व्यक्तियों को कोर्ट-कचहरी की प्रक्रिया के दौरान लंबी परेशानी से गुजरना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसने इस कानून के दुरुपयोग को उजागर किया है। परिवार की कलह से तंग आ चुके एक एआई इंजीनियर ने आत्महत्या कर ली है, जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक घंटा 20 मिनट का यह वीडियो वायरल हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) इंजीनियर अतुल सुभाष का इस वीडियो रिकॉर्ड करने के बाद बेंगलुरु स्थित अपने घर में फांसी लगा ली थी। वीडियो में अतुल ने पत्नी की ओर से दर्ज कराए गए दहेज प्रताड़ना के आरोप से पैदा हुई परिस्थितियों पर अपनी बात रखी है। उन्होंने लिखा है कि उनकी पत्नी और ससुराल वाले उनके ही पैसे से उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। उनका आरोप है कि उनकी पत्नी उन्हें उनके बेटे से न मिलने देती है और न ही फोन पर बात कराती है। अतुल ने 24 पत्रों का एक सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें अपनी पत्नी के साथ-साथ ससुराल वालों के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं। सुभाष के मामले ने दहेज कानून के दुरुपयोग पर बहस शुरू कर दी है। मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर जिले के रहने काम के सिलसिले में बेंगलुरु में रहता था। उनका ससुराल उत्तर प्रदेश के जौनपुर का था। उसने अपने सुसाइड नोट में पत्नी, ससुराल वालों और एक न्यायाधीश पर आत्महत्या, उत्पीड़न, जबरन वसूली और भ्रष्टाचार के लिए उकसाने का आरोप लगाया। ससुरालवालों पर आरोप है कि उन्होंने झूठा मामला दर्ज कराया और मामले के निपटारे के लिए 3 करोड़ रुपये देने की मांग की थी। आरोप है कि अतुल ने मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित होकर आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा लिया। सुसाइड नोट के हर पन्ने पर



न्याय मिलना चाहिए लिखा है। पत्नी निकिता और ससुराल वालों के साथ-साथ सुभाष ने जौनपुर में एक पारिवारिक न्यायालय के जज पर भी उनकी सुनवाई न करने का आरोप लगाया है। सुभाष ने अपने कथित उत्पीड़न को बताने के लिए एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया। इसमें परिजनों से कहा गया है कि न्याय मिलने तक उनकी अस्थियों को विसर्जित न किया जाए। नोट में चार साल के बेटे के लिए भी एक संदेश था जिसे अतुल से अलग रखा गया था। नोट में अतुल ने अपने माता-पित्ता को उनके बच्चे की कस्टडी देने की भी मांग की। नोट और वीडियो का लिंक एक एनजीओ के व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजा गया था, जिससे अतुल जुड़े हुए थे। सुभाष ने अपने नोट में आरोप लगाया कि पत्नी निकिता सिंघानिया ने उनके खिलाफ हत्या, यौन उत्पीड़न, पैसे के लिए उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और दहेज सहित नौ मामले दर्ज कराए थे। दरअसल दहेज कुप्रथा को रोकने के लिए हमारे देश में कई कानून बनाए हैं। असहाय महिलाओं के खिलाफ हिंसा को कम करने के लिए कानून बनाने पर जोर दिया गया था। इसके चलते दहेज निषेध अधिनियम, 1961 बना। दहेज की मांग के बाद घरेलू हिंसा की घटनाएं भी सामने आती रही हैं ऐसे में 'घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 पारित किया गया। इसके साथ ही पुरानी आईपीसी में दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्याओं को रोकने के लिए कई प्रावधान किए गए थे। आईपीसी की धारा 498 दहेज से पहले और बाद में किसी भी रूप में उत्पीड़न को दंडनीय और गैर-जमानती बनाती है। 1983 में संसद द्वारा एक आपराधिक अधिनियम 'आईपीसी 498 ए' पारित किया था जो कहता था कि दहेज वसूलने के लिए की गई क्रूरता पर तीन या अधिक वर्षों की अवधि की सजा और जुर्माना देना होगा। दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्याओं को रोकने के लिए आईपीसी 1961 में एक नई धारा' आईपीसी 304 बी' जोड़ी गई।

आईपीसी 304 बी में 'दहेज हत्या' का जिक्र है। भारतीय दंड संहिता की धारा 304 बी में कहा गया है कि अगर किसी महिला की शादी के सात साल के भीतर किसी भी जलने या शारीरिक चोट से मृत्यु हो जाती है या यह पता चला है कि उसकी शादी से पहले वह अपने पति या पति के किसी अन्य रिश्तेदार द्वारा क्रूरता या उत्पीड़न के संपर्क में थी। दहेज मांगने का संबंध तब महिला की मृत्यु को दहेज मृत्यु माना जाएगा। दहेज हत्या के लिए सजा सात साल के कारावास की न्यूनतम सजा या आजीवन कारावास की अधिकतम सजा है। कानून पारित होते ही दहेज उत्पीड़न के हजारों मामले दर्ज होने लगे। कई बार यह विवाहित महिला के लिए सुरक्षा के बजाय हथियार बन गया जिस पर समय-समय पर अदालतों ने भी चिंता जताई। अतुल का मामला सामने आने के बाद एक बार फिर से शीर्ष न्यायालय ने चिंता जतायी है। सुप्रीम कोर्ट में एक अलग मामले में महिलाओं द्वारा अपने पत्तियों के खिलाफ दर्ज कराए गए वैवाहिक विवाद के मामलों में क्रूरता कानून के दुरुपयोग के खिलाफ चेतावनी दी। अदालत ने कहा है कि दहेज उत्पीड़न के मामलों में अदालतों को कानून का दुरुपयोग रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए और पति के सगे-संबंधियों को फंसाने की प्रवृत्ति को देखते हुए निर्दोष परिवार के सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाना चाहिए। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वैवाहिक विवाद से उत्पन्न आपराधिक मामले में परिवार के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी को इंगित करने वाले विशिष्ट आरोपों के बिना उनके नाम का उल्लेख शुरू में ही रोक दिया जाना चाहिए। हाल के वर्षों में देश भर में वैवाहिक विवादों में उलेखनीय वृद्धि हुई है, साथ ही विवाह संस्था के भीतर कलह और तनाव भी बढ़ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप, आईपीसी की धारा 498ए (पत्नी के खिलाफ पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता) जैसे प्रावधानों का दुरुपयोग करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, ताकि पत्नी द्वारा पति और उसके परिवार के खिलाफ व्यक्तिगत प्रतिशोध को बढ़ावा दिया जा सके। देखा जाए तो जरूरत है कि इस कानून की समीक्षा की जाए। ऐसा नहीं है कि महिलाओं पर उत्पीड़न कम हो गया है और सभी मामले झूठे दर्ज कराए जाते हैं, लेकिन कुछ झूठे मामले जरूर सामने आ रहे हैं। इन कानूनों का उद्देश्य महिलाओं की की सुरक्षा सुरक्षा है। लेकिन इसे संतुलित रूप से लागू करना होगा, ताकि इनके दुरुपयोग को रोका जा सके।

अतुल ने जो कदम उठाया वह उचित नहीं ठहराया जा सकता है बेहतर होता कि वह न्यायालय के भ्रष्टाचार को किसी तरह प्रूफ बना कर उजागर करता और अपने माता-पिता के बुढ़ापे का भी ख्याल करता सिर्फ रील बनाने या 23 पेज का बयान लिखकर जान गंवाने से बेहतर था कि वह पांच लाख रिश्वत देकर भी अपना संघर्ष जारी रखता। यह रकम उसके जीवन की जरूरत से कहीं अधिक मायने नहीं रखती एक इंजीनियर होने के बावजूद उसने अपने जीवन का फैसला बेहद गलत किया क्योंकि जीवन खत्म करने के बाद कोई न्याय प्रतिपूर्ति नही कर सकता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में लगेंगे मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर


- **आमजन को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण सुलभ चिकित्सा सुविधा**

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम,13 दिसंबर ।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में 15 दिसम्बर से 31 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों का उद्देश्य राज्य के प्रत्येक नागरिक को सर्वोत्तम, सुलभ और गुणवत्तायुक्त चिकित्सा सुविधा उपलध कराना है कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. इंद्रा गुप्ता ने बताया शिविर तीन चरणों में आयोजित होंगे। प्रथम चरण में सभी पीएचसी और सभी सीएचसी पर सप्ताह में तीन दिन शिविर लगेंगे। द्वितीय चरण में सभी पंचायत समिति मुख्यालय पर शिविरों का आयोजन होगा। तीसरे चरण में जिला अस्पताल में एक-एक रैफरल शिविर लगेगा। सप्ताह में प्रत्येक सोमवार और गुरूवार को एमसीएचएन दिवस होने और शनिवार-रविवार अवकाश होने के कारण शिविरों का आयोजन नहीं होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक शिविर में दो चिकित्सकों के अलावा एक दंत रोग चिकित्सक, एक दंत तकनीशियन, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नेत्र सहायक और आयुष चिकित्सक मौजूद रहेंगे। इनके साथ नर्सिंगकर्मी, लैब टैक्नीशियन, लैब सहायक, एलएचवी, एसटीएस, एसटीएलएस, फार्मासिस्ट, एएनएम, सीएचओ, बीपीएम भी मौजूद रहेंगे तथा इसके अलावा आशा सहयोगिनियों और डोमेस्टिक ब्रीडिंग चैकर्स की सहायता भी ली जाएगी। शिविर स्थल पर 108 या अन्य एंबुलेंस भी मौजूद रहेगी, ताकि समय पर उसका उपयोग किया जा सके। शिविरों में जिला अस्पताल स्तर तक की दवाएं उपलब्ध रहेंगी।उन्होंने बताया कि शिविरों में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, संचारी, गैर संचारी रोगों व अन्य रोगों की जांच और उपचार किया जाएगा। इसके अलावा 30 वर्ष से अधिक आयु के शिविर में आने वाले सभी लोगों की ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और तीन कॉमन कैंसर जांचें होंगी। मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान इन शिविरों में की जाएगी और उनके ऑपरेशन भी कराए जाएंगे। जिसके लिए उन्हें रैफर किया जा सकेगा और जरूरत के अनुसार चश्मों का वितरण भी किया जाएगा इसके अलावा शिविर में टीबी मरीजों की स्पूटम फोर एएफबी जांच, जरूरत होने पर एक्स-रे कराना, निक्षय पोषण योजना में वंचित व्यक्तियों का बैंक अकाउंट प्राप्त कर पोर्टल पर अपडेट करना, परिवार कल्याण के साधनों का वितरण, कुपोषित बच्चों की पहचान और उपचार, कुष्ठ रोगियों की जांच और उपचार, नियमित टीकाकरण सहित अन्य बीमारियों की जांच और उपचार किया जाएगा।

### स्मार्ट सिटी सीईओ अरुण हसीजा ने दिए निर्देश

- **इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर सफाई व्यवस्था पर 24 घंटे रखेगा नजर**

**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी)।** शहर की सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए बनाया इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर अब लगातार 24 घंटे काम करेगा। जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण कुमार हसीजा ने इस संबंध में आदेश जारी किए है। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर लालकोठी स्थित जयपुर स्मार्ट सिटी के ऑफिस में बनाया गया है, जहां से शहर की सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जाती है। इस संबंध में जयपुर स्मार्ट सिटी सीईओ अरुण कुमार हसीजा ने बताया कि सेंटर में निगम कर्मचारियों के डोर टू डोर कचरा संग्रहण, सफाई व्यवस्था, मेकेनीज तरीके से की जा रही सफाई की मॉनिटरिंग की जा रही है। निगम की ओर से शहर में विशेष रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था की जा रही है। परकोटा और अन्य जगहों पर अत्याधुनिक मशीनों से रोड डिवाइडर की सफाई की जाती है। ऐसे में सफाई व्यवस्था और ज्यादा सुदृढ़ हों, इसके लिए स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से व्यवस्था की मॉनिटरिंग भी की जाएगी। इसके लिए सेंटर 24 घंटे काम करेगा। साथ ही कोई शिकायत आने पर तुरंत कार्रवाई भी करेगा। कमांड सेंटर से कर्मचारियों की हाजिरी, गाड़ियों के रूट की भी मॉनिटरिंग की जाती है।



लाभार्थी रामनिवास भाकर ने किया मुख्यमंत्री से संवाद

# राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर झुंझुनूं जिला स्तरीय कार्यक्रम

## प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुनी करने के लक्ष्य पर हो रहा है तेजी से कार्यः सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 13 दिसंबर। राज्य सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में शुक्रवार को झुंझुनूं जिले में आयोजित जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन जिले के प्रभारी मंत्री एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने किया। उन्होंने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए जिले में हुए विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की स्टॉल्स पर उत्पादों की जानकारी भी ली। गहलोत ने खेल विभाग के स्टॉल पर बास्केटबॉल में सब जूनियर प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाली बालिकाओं की हौसला अफजाई की। वहीं राजीविका की स्टॉल पर झुंझुनूं विधायक श्री राजेंद्र भांबू को हाथ से बनाई जूतियों की खरीददारी करवाकर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए उनके कार्य की तारीफ की। इसके बाद उन्होंने जिला विकास पुस्तिका का लोकार्पण कर प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया से मुखातिब होते हुए राज्य सरकार एवं जिले की उपलब्धियां बताई। उन्होंने इस दौरान मीडियाकर्मियों के सवालों के जवाब भी दिए। प्रभारी मंत्री ने कालीबाई भील स्कूटी योजना एवं देवनारायण स्कूटी योजना की लाभार्थी बालिकाओं को स्कूटी की चाबी भी सौंपी।



- **यह उपलब्धियां गिनाई**

इसके बाद आयोजित किसान सम्मेलन में को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की अर्थव्यवस्था अब 15 लाख करोड़ रुपए की हो चुकी है, जिसे अब 30 लाख करोड़ यानी दोगुनी करने पर तेजी से काम किया जा रहा है। गहलोत ने अपील करते हुए कहा कि नए राजस्थान के नवनिर्माण में सभी अपना योगदान देवें। मंत्री गहलोत ने पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने की अपील करते हुए इसके बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए कार्य कर रही है। प्रभारी मंत्री गहलोत ने कहा कि पिछले एक वर्ष में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ग्रोथ रेट में पूरे देश में दूसरे स्थान पर पहुंच चुका है। गहलोत ने जानकारी दी कि जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 तक प्रदेश में अपराधों में 7.5 फीसदी एवं महिला अपराधों में 10.5 फीसदी की कमी आई है। उन्होंने रोजगार के क्षेत्र में राज्य सरकार के प्रयासों को बताते हुए कहा कि पिछले 1 वर्ष में 50 हजार से अधिक सरकारी नियुक्तियां दी गई हैं, वहीं हाल ही में 57 हजार पदों पर वैकेंसीज जारी की गई हैं। उन्होंने जिले में हुए राइजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू व विभिन्न विकास कार्यों की भी जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने इसके बाद कंबल वितरण भी किया। झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के सुशासन के बारे में बताते हुए कहा कि गत बजट घोषणा के 60 फीसदी से अधिक कार्य पूरे कर लिए गए हैं, शेष पर भी तीव्र गति से काम जारी है, जो मार्च 2025 तक पूरे कर लिए जाएंगे।

इससे पहले झुंझुनूं जिला कलक्टर ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि पिछले एक वर्ष में राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का सफल प्रयास करने में कोई कोताही नहीं बरती है। सभी विभागों के अधिकारियों ने इसमें अच्छा कार्य कर अपना योगदान दिया है। जिले में प्रभारी सचिव के तौर पर आए आईएएस हर्ष सावन सुखा ने प्रदर्शनी और किसान सम्मेलन की तारीफ करते हुए लाभार्थियों को बधाई देकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन के बारे में बताया। कार्यक्रम में अधिकारीगण, कार्यकर्ता, लाभार्थी एवं आमजन मौजूद रहे। इससे पहले प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने सर्किट हाऊस में स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी की और आमजन के परिवाद सुनकर उन पर त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

- **लाभार्थी ने किया मुख्यमंत्री से संवादः**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़े थे। इस दौरान उन्होंने नवलगढ़ की कारी ग्राम पंचायत के धायलों की ढाणी के रामनिवास भाकर से संवाद किया। भाकर राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के लाभार्थी हैं, जिसके तहत उन्हें एक लाख रुपए का ऋण मिला है। उन्हें फार्म पौंड पर भी राज्य सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त हुआ है। भाकर ने राज्य सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कम्यूनिटी पुलिसिंग के नोडल अधिकारी आईपीएस पंकज चौधरी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से जिला नोडल अधिकारियों से रूबरू हुए

चमकता राजस्थान



- **सामुदायिक पुलिसिंग की योजनाओं को धरातल पर बेहतर करने के लिए दिए निर्देश**
- **ग्राम रक्षकों की सूची बद्धता सुनिश्चित करने एवं राज्य के प्रत्येक जिलों में पुलिस मित्रों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि हो :- पंकज चौधरी**

जयपुर (खलील कुरैशी) 13 दिसम्बर। राज्य के समस्त ज़िलों के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व ज़िला नोडल अधिकारी, कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट (सीपीयू) के प्रभारियों से शुक्रवार को कम्यूनिटी पुलिसिंग के नोडल अधिकारी एसपी पंकज चौधरी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के ज़रिए रूबरू हुए। मीटिंग में राज्य में शेष रहे राजस्व ग्राम व ग्राम समूहों में ग्राम रक्षकों की सूची बद्धता सुनिश्चित करने एवं राज्य के प्रत्येक जिलों में पुलिस मित्रों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि किये जाने के लिए संवाद किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के दौरान प्रभारी अधिकारियों से सामुदायिक पुलिसिंग अन्तर्गत संचालित योजनाओं को धरातल पर बेहतर करने के लिए नोडल अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। हाल राजस्थान में कम्यूनिटी पुलिसिंग को लेकर भारत सरकार व राज्य सरकार के निर्देशन में कई फ्लैगशिप योजनायें संचालित हो रही हैं, जिनमें पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट, स्वागत कक्ष, आदर्श पुलिस थाना, महिला शक्ति आत्मरक्षा कार्यक्रम प्रमुख हैं।

## राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर उदयपुर में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन शनिवार को

चमकता राजस्थान

- **मुख्यमंत्री करेंगे एक लाख लखपति दीदी का सम्मान,**
- **लाडो प्रोत्साहन योजना की पहली किश्त होगी जारी,**
- **आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शुरू होगी 'मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना'**

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 13 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश की आधी आबादी बालिकाओं एवं महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री शर्मा राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों के क्रम में शनिवार (14 दिसम्बर) को उदयपुर में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय महिला सम्मेलन में शिरकत करते हुए प्रदेश की महिलाओं को विभिन्न कल्याणकारी सौगातें देंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा एक लाख नवीन लखपति दीदी का सम्मान और 216 चिन्हित क्लस्टरों में नमो ड्रोन दीदी को चयन प्रमाण पत्र वितरण करेंगे। 45 लाख स्वयं सहायता समूहों के लिए राज सखी पोर्टल का शुभारंभ भी करेंगे। साथ ही, शर्मा 10 हजार स्वयं सहायता समूहों को 15 हजार रुपये प्रति समूह रिवॉल्विंग फण्ड हस्तांतरण एवं महिला निधि बैंक के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को 100 करोड़ रुपये के ऋण की स्वीकृति जारी करेंगे। कार्यक्रम में सरस राज सखी राष्ट्रीय मेला 2024 का वर्चुअल शुभारंभ भी किया जाएगा। इसी प्रकार, 50 हजार इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम वितरण, आरएसआरटीसी के सुरक्षा कमाण्ड सेंटर एवं पैनिक बटन परियोजना तथा महिलाओं को आपातकाल में 24ग7 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए महिला हेल्पलाइन एप का शुभारंभ भी किया जाएगा। इस अवसर पर शर्मा लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे।

मुख्यमंत्री सम्मेलन में प्रत्येक ब्लॉक में एक आदर्श आंगनबाड़ी, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच-पांच नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति (कुल 1 हजार आंगनबाड़ी) एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना (कुल लाभार्थी 17 लाख) का शुभारंभ भी करेंगे। शर्मा प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के अंतर्गत प्रति लाभार्थी 1 हजार 500 रुपये की अतिरिक्त किश्त (कुल लाभार्थी 70 हजार महिलाएं), लाड़ो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रति लाभार्थी 2 हजार 500 रुपये की प्रथम किश्त (कुल लाभार्थी एक लाख) और मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना (एनएफएसए लाभार्थी) का शुभारंभ करते हुए 27 लाख महिलाओं को डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित करेंगे।

## जयपुर समारोह- 2024:

# खम्मा घणी,भवई,चरी नृत्यों ने दर्शकों का मोहा मन, तालियों से गूंजा मसाला चौक

## 200 से भी अधिक स्कूली एवं कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर लिया भाग

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 13 दिसम्बर। रंग बिरंगे सजे धजे परिधानों में नृत्य करते स्कूल एवं कॉलेज के स्टूडेन्ट, तालियों की गडगड़ाहट से गूंजता मसाला चौक जहां महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर भी स्वयं को थिरकने से नहीं रोक पाई यह मौका था जयपुर समारोह-2024 के तहत हो रहे रामनिवास बाग मसाला चौक में आयोजित हो रहे मयूरी इंटर स्कूल, कॉलेज सांस्कृतिक प्रतियोगिता का जहां राजस्थानी, हरियाणवी, कालबेलिया नृत्यों ने सबका मन मोह लिया।''श्रीराम चन्द्र कृपालु भजमन'' पर हुई प्रस्तुति ने सबका ध्यान आकर्षित किया वही ''वन्दे मातरम्'' पर बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति पर सभी दर्शकों ने स्टेंण्डिग ओवेशन दिया। हरियाणवी नृत्यों पर डल्ली टङ्गशी की हूटिंग भी हुई। ''खम्मा घणी, पीली लूगड़ी, मनड़े रा, बण ठण देखो'', जैसे कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही मोनो एक्टिग के जरिये श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भगतसिंह एवं अन्य प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों की तालिया बंटोरी। कार्यक्रम की शुरूआत महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, आयुक्त रूकमणि रियाड़, अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार, सांस्कृतिक समिति चैयरमेन दुर्गेश नन्दनी, चैयरमेन डॉ. मीनाक्षी शर्मा, रमेश चन्द्र सैनी, विकास बारेठ, लक्ष्मण नूनीवाल, शेरसिंह धाकड़, महेन्द्र शर्मा, गोविन्द छीपा सहित अन्य पार्षदों द्वारा की गई। 200 से भी अधिक स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों ने मयूरी सांस्कृतिक प्रतियोगिता में एकल एवं सामूहिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर एवं आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।



- **मयूरी सांस्कृतिक प्रतियोगिता के तहत मसाला चौक (रामनिवास बाग) पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**
- **सांस्कृतिक कार्यक्रमों से युवा पीढी को जोडकर हमारी संस्कृति को जीवन्त बनाये रखने का बेहतरीन प्रयास है:- डॉ. सौम्या गुर्जर**
- **महापौर एवं आयुक्त ने दिलाई स्वच्छता की शपथ**
- **पदमभूषण पं. विश्वमोहन भट्ट एवं सलिल भट्ट, सुजात हुसैन खान देगे आज अपनी मनमोहक प्रस्तुति**

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि विभिन्न कॉलेजों एवं स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों को मयूरी के मंच पर साकार किया। नगर निगम ग्रेटर का यह अभिनव प्रयास है कि इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से हमारी युवा पीढी को जोडकर हमारी संस्कृति को जीवन्त बनाये रखने का यह बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय करते रहना चाहिए जिससे समाज में सकारात्मक सोच व एक नई दिशा मिलती रहती है।मयूरी सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता में ग्रुप डांस में महारानी कॉलेज एवं बियानी कॉलेज प्रथम, जयश्री पेडीवाल स्कूल द्वितीय एवं कनोडिया पीजी कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा। इसके साथ ही सोलो डांस में महारानी कॉलेज प्रथम, डिपार्टमेंट ऑफ म्यूजिक (यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान) एवं बियानी कॉलेज द्वितीय स्थान पर, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहा जिन्हें महापौर द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मोनो एक्टिग में कनोडिया कॉलेज प्रथम, लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज द्वितीय एवं महारानी कॉलेज तृतीय स्थान पर रहे।अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार ने बताया कि पत्रिका गेट पर कल सायं 5 बजे से सिम्फनी कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें पदमभूषण पं. विश्वमोहन भट्ट एवं सलिल भट्ट, सुजात हुसैन खान प्रस्तुति देगे। आमजन के लिये प्रवेश निःशुल्क है।

## संक्षिप्त समाचार

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

### सुओमोटो के तहत दूसरे दिन टोंक रोड़ वाटिका से वाटिका रिंग रोड पर 180 अतिक्रमण हटाए



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 13 दिसम्बर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-14 सुओमोटो के तहत टोंक रोड़ वाटिका मोड़ से वाटिका होते हुए वाटिका रिंग रोड़ तक किये गये कब्जे-अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही दिनांकः12.12.2024 से शुरू की गई जिसमें आज दिनांकः 13.12.2024 को वाटिका से रिंग रोड़, सर्विस रोड़ के दोनो तरफ करीब 04 कि.मी.तक 180 अतिक्रमणों को हटवाकर मुख्य रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया।उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित टोंक रोड़ वाटिका मोड़ से वाटिका होते हुए वाटिका रिंग रोड़ तक दोनो तरफ मुख्य रोड़ सीमा पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से अत्यधिक लम्बाई में बने चबूतरे, सीढ़ियां, रैलिंग, लोहे के एंगल, टीनषेड़, टेबिल, कुर्सियां, बांस तम्बू, त्रिपाल की झुग्गी झोपडियां, थड़ी, ठेलें, होडिंग, साइन बोर्ड इत्यादि लगाकर किये गये कब्जें-अतिक्रमणों के संबंध में अतिक्रमणकर्ताओं को सुओमोटो के तहत नोटिस जारी कर मुनादी की गई एवं अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद कियागयापरन्तुअतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा नगर निगम ग्रेटर के साथ सामूहिक अभियानकाआयोजनकरदिनांकः12.12.2024 को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की गई जिसमें दिनांकः 13.12.2024 को करीब 04 कि.मी. तक के एरिया में करीब 180अतिक्रमणों को जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर मुख्य रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-14, 01, 11, 07 तथा नगर निगम का जाप्ता एवं प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।उप महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित षिकायतों के संबंध में वे स्वंय उपस्थित होकर; कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7; हेल्प लाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरिये मेल cce.jda@rajasthan.gov.in &enforcement.jda@rajasthan.gov.in परअवैध निर्माण/ कब्जा/ अतिक्रमण इत्यादि की षिकायत/परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।

### हत्या प्रयास के मामलें में तीन साल से फरार पांच हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

- **पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश को किया न्यायालय से जेल भेजा, बैलारा निवासी ईनामी बदमाश**

**चमकता राजस्थान। नदबई, (राजवीर सिंह)।** क्षेत्र के गांव बैलारा में आपसी रंजिश में एक बुजुर्ग से मारपीट कर हत्या प्रयास के मामलें में तीन साल से फरार पांच हजार के ईनामी बदमाश को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने डीएसटी के सहयोग से नदबई क्षेत्र के गांव बैलारा निवासी सहदेव सिंह पुत्र हेमसिंह को पहले हिरासत में लिया। बाद में जांच पडताल कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया। गौरतलब है कि, 6 अक्टूबर 2021 को गांव बैलारा निवासी मिट्ठू सिंह अपने घर जा रहा। इसी दौरान गिरफ्तार आरोपी ने अपने अन्य परिजनों के साथ मिलकर मिट्ठू सिंह से जमकर मारपीट की। बाद में बेहोशी की हालत में छोड़ कर मौके से फरार हो गए। मामलें में घायल मिट्ठू सिंह के पुत्र रघुराज उर्फ कन्हैया ने गिरफ्तार आरोपी सहित 18 अन्य आरोपियों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने जांच पडताल कर आरोपी सहदेव सिंह को गिरफ्तार किया। मामलें में पांच अन्य आरोपी पूर्व में भी गिरफ्तार हुए।

# 87 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी के साथ राजस्थान समूचे देश में शीर्ष पर : टी. रविकान्त

## आगामी वित्तीय वर्ष में 100 से अधिक मेजर मिनरल ब्लॉक नीलामी की तैयारी के निर्देश

चमकता राजस्थान



जयपुर!(खलील कुरैशी) 13 दिसंबर। माइंस एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकान्त ने आगामी वर्ष के लिए 100 से अधिक मेजर मिनरल ब्लाॅकों की ई-नीलामी की आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में अब तक 33 मेजर मिनरल ब्लाॅकों की ई –नीलामी की जा चुकी है और अब तक 87 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी कर राजस्थान समूचे देश में पहले स्थान पर आ गया है टी. रविकान्त ने शुक्रवार को उदयपुर में खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश में मिनरल एक्सप्लोरेशन कार्य में तेजी लाने के साथ ही अधिक से अधिक मेजर मिनरल ब्लॉक तैयार कर ई-नीलामी पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि मेजर और माइनर मिनरल ब्लॉक व प्लॉटों के लिए डेलिनियेशन से लेकर आवश्यक सभी तैयारियों का रोडमैप बनाना होगा।माइनर मिनरल ब्लॉकों की ऑक्शन प्रगति की समीक्षा करते हुए टी. रविकान्त ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में 890 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र के 429 माइनर मिनरल प्लॉट व क्वारी लाइसेन्स प्लॉटो की ई नीलामी की जा चुकी है जिससे राज्य सरकार को नीलामी की प्रीमियम राशि 40 प्रतिशत के रुप में 182 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। माइनर मिनरल ब्लॉकों की नीलमी प्रक्रिया जारी है और इस वित्तीय वर्ष में माइनर मिनरल ब्लॉकों की ई-नीलामी का भी नया रिकॉर्ड कायम किया जाएगा।

टी. रविकान्त ने अधिकारियों को कहा कि हमें यहीं तक सीमित नहीं रहना है अपितु माइनिंग सेक्टर को और अधिक उंचाइयों पर ले जाना है। अधिकारियों को फील्ड में अधिक सक्रिय रहना होगा ताकि अवैध खनन, परिवहन व भण्डारण गतिविधियों को प्रभावी तरीके से रोक कर राजस्व छीजत को रोका जा सके। उन्होंने राजस्व लक्ष्यों की शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने और नवाचारों को प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने मिनरल ब्लाॅकों की तैयारी से लेकर ऑक्शन प्रक्रिया तक की विस्तार से जानकारी प्राप्त की।अतिरिक्त निदेशक महावीर प्रसाद मीणा ने विस्तार से विभागीय प्रगति की जानकारी दी। एसएमई मेजर सतीश आर्य और एसएमई माइनर कमलेश्वर बारेगामा ने मेजर व माइनर मिनरल्स के ब्लॉक व प्लॉट तैयारी, डेलिनिएशन व अन्य जानकारी दी बैठक में अतिरिक्त निदेशक भूविज्ञान व मुख्य कार्यकारी आरएसएमईटी एनपी सिंह , एसजी राजकुमारमीणा,ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, एसजी सुनील कुमार वर्मा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध हनुमानगढ़ पुलिस का "जीरो टोलेरंस अभियान"

## 355 पुलिसकर्मियों की 46 टीमों ने दी 327 स्थानों पर दबिश, 123 अपराधी किये गये गिरफ्तार

चमकता राजस्थान।



**जयपुर/हनुमानगढ़( खलील कुरैशी) 13 दिसंबर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध हनुमानगढ़ पुलिस ने जीरो टॉलरेंस अभियान के अंतर्गत 355 पुलिस कर्मियों की 46 टीमों का गठन कर बदमाशों के 327 ठिकानों पर दबिश देकर कुल 123 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में आर्म्स एक्ट के तहत 01 प्रकरण दर्ज कर देशी पिस्टल व 05 जिन्दा कारतूस सहित दो अभियुक्त, आबकारी अधिनियम के तहत 04 प्रकरण दर्ज कर 93 पव्वे अवैध देशी शराब, 10 लीटर हथकड शराब सहित 04 अभियुक्त एवं एनडीपीएस एक्ट मे वांछित सप्लायर, 02 गिरफतारी वारंटी व 03 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है।एसपी अरशद अली ने बताया कि जिले मे अवैध मादक पदार्थो, नशा-तस्करी व अवैध धंधो की रोकथाम के लिए जीरो टोलरेंस अभियान के तहत समस्त पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्राधिकार मे नशा तस्करी मे संलिप्त एवं सक्रिय अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एक दिवसीय अभियान चलाकर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। जिला मुख्यालय पर थाना हनुमानगढ जंक्शन के खुंजा क्षेत्र मे मादक पदार्थो एवं आपराधिक गतिविधियों की अधिकता की सूचना पर एसपी अली के नेतृत्व मे एएसपी जनेश तंवर, सीओ मीनाक्षी एवं एसएचओ हनुमानगढ जंक्शन, टाउन, सदर, गोलुवाला एवं महिला सहित कुल 200 पुलिस जाब्ता के साथ रेड देकर लगभग 143 चिन्हित अपराधियो के स्थानो पर दबिश देकर 29 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।इस विशेष अभियान के तहत जिला हनुमानगढ के सभी थाना क्षेत्रो मे 355 पुलिसकर्मियों की 46 पुलिस टीमों का गठन कर 327 स्थानों पर दबिश दी जाकर एक देशी पिस्टल 05 कारतूस, 93 पव्वे अवैध देशी शराब एवं 10 लीटर हथकड शराब जब्त की गई। अभियान के तहत 110 व्यक्तियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही, 03 स्थायी वारंटी, 02 गिरफतार वारंटी एवं 01 एनडीपीएस एक्ट मे वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया गया।

### बधाई संदेशों के नाम पर साइबर ठगी के संबंध में पुलिस मुख्यालय ने जारी की एडवाइजरी

- **जागरूकता से ही साइबर ठगी पर अंकुश लगाए जा सकता है : डीजीपी प्रियदर्शी**
- **ठग आगामी त्योहारों एवं नववर्ष से पहले बधाई व गिफ्ट के लिंक शेयर कर बना सकते हैं शिकार, अपग्रेड पैन कार्ड के नाम से भी हो सकती है ठगी**



**चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी) 13 दिसम्बर।** राजस्थान के निवासियों को साइबर फ्रॉड से बचाने के लिए पुलिस मुख्यालय ने एडवाइजरी जारी की है। पुलिस मुख्यालय की साइबर क्राइम शाखा ने बधाई संदेशों के नाम पर ठगों द्वारा की जाने वाली धोखाधड़ी से सावचेत रहने की ठगी प्रकरणों में तुरंत शिकायत दर्ज कराने सलाह दी है।महानिदेशक पुलिस, साइबर क्राइम राजस्थान हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर अपराधों पर अंकुश लगानें एवं आमजन में साइबर अपराधो के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस द्वारा राज्य मे लगातार प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि आगामी त्योहारों एवं नववर्ष से पहले साइबर अपराधी आमजन को बधाई व गिफ्ट के लिए लिंक शेयर कर साइबर धोखाधड़ी कर सकते है।डीजीपी प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर अपराधी सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाटसएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, फेसबुक आदि या मैसेज के माध्यम से आगामी क्रिसमस, नववर्ष पर बधाई व गिफ्ट के लिए तथा पेन कार्ड का नया वर्जन बनाने के नाम पर केवाईसी व अन्य दस्तावेज अपलोड करने के सम्बंध में लिंक भेजकर या एपीके फाईल डाऊनलोड करने का झांसा दे साइबर ठगी का प्रयास करेंगे प्रियदर्शी ने बताया कि इस प्रकार के लिंक में मैलवेयर हो सकता है। इस लिंक पर क्लिक करने पर आपकी डिवाईस मालवेयर संक्रमित हो जाती है, जिससे उपभोक्ता किसी भी तरह की साइबर ठगी का शिकार हो सकता है। उन्होंने आमजन को सलाह देते हुए बताया कि किसी भी अनजान लुभावने लालच में आकर बधाई व गिफ्ट से संबधित ऐसे फर्जी लिंक पर क्लिक नहीं करें।

- **इनकम टैक्स विभाग की अधिकृत वेबसाइट पर ही आवेदन करें**

उन्होंने बताया कि वर्तमान पैन कार्ड को डिजिटल कार्ड के रूप में अपग्रेड करने की केंद्र सरकार की योजना ढअठ 2.0 साइबर ठगी का नया माध्यम बन सकती है। साइबर अपराधी लोगों को पैन कार्ड अपग्रेड करने के नाम पर ठगने की कोशिश कर रहे हैं। इस योजना की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है। इस संबंध में कोई भी संपर्क करे तो पहले इनकमटैक्स विभाग की अधिकृत वेबसाइट देखे। नए पेन कार्ड के लिए भी https://www.incometax.gov.in/iec/foportal/ के माध्यम से ही आवेदन करना चाहिये।

- **साइबर ठगी होने पर तुरंत शिकायत दर्ज करें**

डीजीपी साइबर क्राइम ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध हो जाता है तो वह तुरन्त साइबर हेल्प लाईन नम्बर 1930, साइबर वेबसाईट https://cybercrime.gov.in एवं निकटतम पुलिस स्टेशन व साइबर पुलिस स्टेशन पर शिकायत दर्ज करायें।

# दिया सिंह द्वारा बनाया गया "शादी का ईमानदार कार्ड" हो रहा वायरल

चमकता राजस्थान




जयपुर। राजस्थान के जयपुर निवासी ग्राफिक डिज़ाइनर दिया सिंह द्वारा बनाया गया शादी का ईमानदार कार्ड आजकल सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है तो ग्राफिक डिजायनर दिया सिंह ने इसमें भारतीय शादियों के नाटकीयता को विनोदप्रिय तरीके़ से दर्शाया है,बिना नाम पते वाले कार्ड में दुल्हन को शर्मा जी की लड़की (पढ़ाई में तेज )बताया गया है जबकि दुल्हा गोपाल जी का लड़का(बी टेक करके दुकान संभालता हूँ ) साथ ही शादी की तारीख़ चुनने की वजह टिंकू के एग्जाम ख़त्म हो रहे हैं उस दिन बतायी गई है,साथ ही वेन्यू बताया गया है जहाँ पिछले साल दुबे जी का रिटायरमेंट था और ढूंढने के लिए वही कन्फ्यूज़िंग गेट मिलेगा जो हर जगह सेम लगता है कार्ड की शुरुआत में RSVP की फुल फ़ॉर्म "रिश्तेदार सारे वही पकाऊ" बतायी गई है वहीं अंत में गिफ़्ट नहीं लाने के सख़्त निर्देश के साथ लिखा है कि ऑनलाइन यू पी आई या कैश !

दीया सिंह को ग्राफिक डिज़ाइनर के तौर पर पहले भी काफ़ी पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।

## दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर के दुसरे दिन 501 उपकरणो का वितरण

# दिव्यांगजनो की सहायता करना सराहनीय पहल, विधायक आक्या धन्यवाद के पात्र: प्रेमचंद बैरवा

चमकता राजस्थान



चित्तौडगढ़! (बाबू अग्नानी) दिव्यांगजनो के सहायतार्थ शिविर लगाकर बड़ी तादाद में उपकरण वितरण करना बेहद सराहनीय पहल है, दिव्यागजन उपकरण पाकर सरलता से अपने दैनिक कार्य कर सकेगें। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मोत्सव व भाजपा सरकार के सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिव्यांगजन के सहायतार्थ उपकरण वितरण शिविर आयोजित करने के लिए चित्तौडगढ़ विधायक चंद्रभानसिंह आक्या बधाई के पात्र है। यह विचार उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने शुक्रवार को विधायक चंद्रभान सिंह आक्या व भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति जयपुर शाखा अजमेर के सौजन्य से दिनांक 12 से 15 दिसम्बर तक स्टेशन रोड स्थित जैन धर्मशाला चित्तौडगढ़ में आयोजित चार दिवसीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का अवलोकन करते हुए व्यक्त किए। इस दौरान उपमुख्यमंत्री बैरवा ने अपने हाथो से अनेक दिव्यांगो को उपकरण वितरीत किए। शिविर संयोजक रवि विराणी ने बताया कि शिविर के दुसरे दिन शुक्रवार को भी बढ़ी संख्या में दिव्यांगजनो की भीड़ उमड़ी। इस दौरान विधायक आक्या स्वयं प्रत्येक दिव्यांगजन की सहायता करते दिखे। शिविर के दुसरे दिन शुक्रवार को 501 दिव्यांगजनो को उपकरण निःशुल्क वितरीत कर लाभान्वित किया गयाशिविर संरक्षक अनिल ईनाणी ने बताया कि शिविर के द्वितीय दिवस शुंक्रवार को 4 ब्लाईंड स्टीक, 26 जयपुर फुट, 10 कृत्रिम हाथ, 88 कैलीपर, 38 बैसाखी, 135 कान की मशीन, 42 व्हीलचेयर, 86 ट्राई साईकिल, 5 ब्लाईंड स्टीक, एक कृत्रिम पेर, 66 बुजुर्ग छड़ी सहित 501 दिव्यांगजनो को उपकरण निःशुल्क वितरीत कर लाभान्वित किया गया। भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के अजमेर संभाग कोर्डिनेटर सुरेश मेहरा ने बताया कि शिविर में गोद में लाओ, चलाकर ले जाओ की तर्ज पर जयपुर फुट लगाए जा रहे है। शिविर प्रभारी कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि चारदिवसीय शिविर में प्रत्येक पात्र दिव्यांग को लाभांवित किया जायेगा।इस अवसर पर भरत जागेटिया, शेलेन्द्र झंवर, बालकिशन भोई, फतहलाल भड़कतिया, सतपाल दुआ, चेतन खत्री, कैलाश पायक, रेणु मिश्रा, विमला गटियानी, रेखा शक्तावत,उषा रांधड़, प्रेमलता कुमावत, चांदनी गौड, ममता चैहान, रामप्रसाद बगेरवाल, शिवशंकर मेनारिया, वैभव गर्ग, बहादूर बैरवा, रतन वैष्णव, ओमप्रकाश जटिया, मोनु सलुजा, प्रदीप बोहरा,दिनेश मुंदड़ा, विशाल रजक, हर्षित दशोरा, राजु सालवी, राजकुमार तोलम्बिया, कमल बिलोची, दिपक वर्मा, रमेश रामचन्दानी, पंकज सेन, सहित बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस नेताओं को बकाया जमा कराने के दिए निर्देश

**चमकता राजस्थान/(अत्री कुमार दाधीच)जयपुर12दिसंबर।** आर्थिक संकट से जूझ रही कांग्रेस पार्टी को संकट से उभारने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी प्रदेश अध्यक्षों को पत्र लिखकर मनमोहन समिति में बकाया चल रहा फंड जमा करने के लिए अपील करते हुए नेताओं से अपना बकाया जमा कराने के निर्देश दिए हैं ।मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सभी पदाधिकारी एवं वर्तमान विधायक पूर्व विधायक पूर्व सांसद एवं वर्तमान सांसदों एवं वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पत्र भेजकर मनमोहन समिति में बकाया चल रहा अपना फंड जमा करने के निर्देश दिए सूत्रों ने बताया कि मनमोहन समिति में सभी नेताओं को अपनी आय का दसवां हिस्सा पार्टी फंड में जमा करना होता है लेकिन विगत कई वर्षों से कुछ नेताओं का बकाया चल रहा है ऐसे प्रदेश में करीब 25 नेता हैं जिनका काफी बकाया चल रहा है पूर्व मंत्रियों एवं विधायकों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि यदि उन्होंने अपना बकाया जमा नहीं कराया तो पार्टी में उन्हें कोई पद या जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी बताया जाता है कि अकेले राजस्थान में 20 से 25 करोड़ रूपया मनमोहन समिति का बताया चल रहा है यह सभी नेता अपना बकाया जमा कर दें तो पार्टी को हार्दिक संकट से उभारा जा सकता है प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं कि 16 तारीख को होने वाली कार्यकारिणी की बैठक सेपूर्व अपना बकाया जमा कर दें ताकि पार्टी को आर्थिक संकट से उबरा जा सके। देखना है कि वर्षों से बकाया चल रहा मनमोहन समिति का फंडअब यह नेता अपना बकाया जमा कराएंगे या अब तक चल रहे ढर्रे के अनुसार चलते रहेंगे ।

### डा. नीरज के. पवन ने दिव्यकृति राठौड़ का प्रशस्ति पत्र उनके पिता को प्रदान किया



**चमकता राजस्थान।** जयपुर। युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव तथा राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के अध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार पवन ने शुक्रवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित कार्यालय में एशियन गेम्स-2023 में घुड़सवारी में स्वर्ण पदक जीतने वाली दिव्यकृति सिंह राठौड़ का प्रशस्ति पत्र उनके पिता पूर्व पोलो खिलाड़ी विक्रम राठौड़ को प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष में गुरुवार को अमर जवान ज्योति पर आयोजित रन फॉर विकसित राजस्थान कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा पेरिस पैरा ओलिंपिक-2024 एवं एशियन गेम्स व पैरा एशियन गेम्स-2023 के पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया था।

दिव्यकृति सिंह राठौड़ जयपुर से बाहर होने के कारण उपस्थित नहीं हो पायी।

### राज्य कृषि प्रबंध संस्थान के सभागार में आयोजित हुआ किसान सम्मेलन

- किसान सम्मेलन के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन
- कार्यक्रम में कृषकों को वितरित किए गए प्रशस्ति पत्र
- आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बनीं जिला स्तरीय प्रदर्शनी




**चमकता राजस्थान। जयपुर, (खलील कुरैशी)13 दिसंबर।** राजस्थान सरकार किसानों के बेहतर भविष्य को सुनिश्चित करने एवं आमदनी को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के एक साल का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान के सभागार में शुक्रवार को किसान सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें जिला प्रमुख व अन्य अतिथि गण द्वारा प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही कृषि विभाग की योजनाओं से लाभान्वित कृषकों को वित्तीय स्वीकृति का वितरण भी किया गया। इस दौरान कृषि में अध्ययनरत छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई तथा किसानों को गोपाल कार्ड का भी वितरण किया गया सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय जयपुर के तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शनी में राजस्थान सरकार की उपलब्धियों एवं एक साल के विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया है। किसान सम्मेलन में आए कृषकों, महिलाओं, छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी में लगे सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की स्टाल पर राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। जिला स्तरीय प्रदर्शनी में लगीराजीविका,विद्युत,पर्यटन,आयुर्वेद कृषि, सरस आदि स्टॉल आगंतुको के आकर्षण का केंद्र बनी रही। समारोह के अंत में संयुक्त निदेशक कृषि (वी.) राकेश कुमार पाटनी जिला परिषद ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।समारोह में विधायक महेन्द्र पाल मीना विधायक रामावतार बैरवा, विधायक कैलाश वर्मा,जिला प्रमुख रमा देवी चौपड़ा, मेयर कुसुम यादव, जिला प्रभारी सचिव अपर्णा अरोरा, संभागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा सहित जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## लघु उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था की मुख्य धुरी : शिक्षा मंत्री मदन दिलावर

# शिक्षा मंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री ने किया के लघु उद्योग भारती के कौशल विकास केंद्र का लोकार्पण

## लघु उद्योगों को बढ़ावा देना डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: संसदीय कार्य मंत्री

**चमकता राजस्थान**



जयपुर!(खलील कुरैशी) 13 दिसंबर। लघु उद्योग भारती के नवनिर्मित कौशल विकास केंद्र का लोकार्पण शुक्रवार को शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर और संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश चन्द के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ।शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री दिलावर ने कहा कि यह केंद्र युवाओं को कुशलता प्रदान कर उन्हें उद्योगों के लिए तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि कौशल विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे न केवल क्षेत्र का विकास होगा, बल्कि मजदूर भी अपने परिवार के साथ रह सकेंगे। दिलावर ने लघु उद्योगों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि ये 8 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराते हैं और देश के 45% निर्यात में योगदान देते हैं। लघु उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था की मुख्य धुरी है। उन्होंने कहा लघु उद्योग भारती न केवल आर्थिक विकास बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार ने घुमंतू,अर्द्ध-घुमंतू एवं विमुक्त परिवारों के लिए पहचान पत्र और पट्टे जारी कर उनके जीवन को स्थायित्व प्रदान किया गया।संसदीय कार्य मंत्री पटेल ने कहा कि लघु उद्योगों को बढ़ावा देना डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' और लघु उद्योग कॉन्क्लेव के माध्यम से प्रदेश के लघु उद्योगों को वैश्विक पहचान दिलाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने लघु उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप एमएसएमई नीति लाई गई है। उन्होंने कहा वर्ष 2027 तक प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन जाएगा जिससे उद्योगों को आवश्यकता के अनुरूप बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। पटेल ने कहा बजट घोषणाओं की क्रियान्वित के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ के एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है प्रत्येक वर्ष के 10 दिसंबर को 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के रूप मनाया जायेगा। आयोजन से भी प्रदेश की छवि और सुदृढ़ होगी।लघु उद्योग भारती के संगठन मंत्री प्रकाश चन्द ने कहा कि भारत सदियों तक अपनी उद्यमिता और श्रेष्ठ उत्पादों के लिए विश्व में अग्रणी था। उन्होंने कहा कि हमाराअतीतगौरवशाली रहा है और अब लक्ष्य है कि अपने श्रेष्ठ उत्पादों के माध्यम से भारत को वैश्विक मंच पर शीर्ष स्थान पर स्थापित करें। उन्होंने भारत की ऐतिहासिक समृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि कपड़ा, हस्तशिल्प और इत्र जैसे उत्पादों का निर्यात कर सोना और चांदी प्राप्त करता था इसलिए विश्व भर में भारत वर्ष सोने की चिड़िया नाम से विख्यात रहा। पराधीनता के दौरान यह गौरव क्षीण हुआ, लेकिन आजादी के अमृतकाल में भारत विश्व का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है।

# भाजपा सरकार के सफलतम और बेमिसाल एक साल पर भव्य कार्यक्रम 17 दिसंबर को, कार्यकर्ताओं की सुविधाओं को लेकर भाजपा कार्यालय में हुई बैठक




**चमकता राजस्थान**

### भाजपा के वरिठ नेता व कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र राठौड़ ने कार्यकर्ताओं की व्यवस्थाओं को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजधानी जयपुर में 17 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की व्यवस्थाओं को लेकर आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में संयोजक राजेंद्र राठौड़ के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि भाजपा सरकार के सफलतम एक साल पूर्ण होने और ईआरसीपी परियोजना का शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 दिसंबर को राजधानी के दादिया में आएंगे। ऐसे में प्रदेश के हर जिले, मंडल और बूथ स्तर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता आएंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं की सुविधाओं और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी के पदाधिकारियों को समूचित व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की डबल इंजन सरकार विकसित राजस्थान के लिए संकल्पबद्ध है। सीएम शर्मा ने शपथ लेने के बाद महिला सुरक्षा, गरीब कल्याण, युवाओं को रोजगार और किसानों के सम्मान के लिए कई ऐतिहासिक फैसले किए। सीएम शर्मा ने राजस्थान के लिए जीवन दायनी परियोजना ईआरसीपी-पीकेसी और यमुना जल समझौते को मूर्त रूप प्रदान करने का कार्य किया। इतना ही नहीं, उपचुनावों में 7 में से 5 विधानसभा सीटों पर कमल खिलने पर प्रदेश की जनता उत्साहित है और सरकार के सफलतम एक वर्ष पर होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दूर-दराज के गांवों-ढ़ाणियों से आएंगे। व्यवस्था निमित आयोजित बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, पूर्व महामंत्री नारायण सिंह देवल, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, डॉ वासुदेव चावला, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, सह प्रभारी भवानी शंकर शर्मा, रजनीश चनाना, भाजपा जयपुर शहर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा, दक्षिण जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर और उत्तर जिलाध्यक्ष शयाम शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मनोहरपुर वासियों ने अभिनव अभियान चलाकर अवैद्य नशे के खिलाफ जगायी जागरूकता, लगायें सीसीटीवी कैमरे

- कस्बे में 'जीवन बचाओ अभियान': पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया



**चमकता राजस्थान। मनोहरपुर ( खलील कुरैशी)।** कस्बेवासियों ने मिलकर अवैद्य नशे(कैमिकल से बनी हथकढ़ शराब, अफीम, गांजा, चरस व भांग सहित अनेक नशे) के खिलाफ अभियान चलाकर सीसीटीवी कैमरे लगाना शुरू किया।पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया ने बताया कि कस्बे में ₹जीवन बचाओ अभियान₹के नाम से जागरूक लोगों ने मीटिंग कर स्थान तय किया कि जिन-जिन स्थानों पर अवैद्य नशे का कारोबार होता है जैसे बंगाली मोहल्ला बाल्मीकि बस्ती,शांति नगर,लुहार मण्डी,पटेलों का मोहल्ला, इन्द्रा कालोनी में दो स्थान, अम्बेडकर नगर में तीन स्थान,पुलिस चौकी के पास सहित अनेक स्थान चिन्हित किया है।जिनमें लुहार मण्डी व पटेलों का मोहल्ला में आठ सीसीटीवी कैमरे स्वयं जनसहयोग से लगाया।आगे भी जिन स्थानों पर अवेध नशे का कारोबार होता है वहां-वहां जनसहयोग से कैमरे लगाए जाएंगे जिनमें एक कैमरा रवि मीणा,एक कैमरा लीलाराम सौंकरिया, एक कैमरा गणपत खटूमरिया,एक कैमरा भवानी मोहनपुरिया,दो कैमरे रामजीलाल खजोतिया एक कैमरा पंकज मिश्रा व एक कैमरा रोहित पेन्टर ने मौके पर भी उपलब्ध करवाया।अनेक लोगों ने कैमरे ऐसे अभियान में देने की घोषणा की।

बैठक में ये लोग रहे मौजूद मीटिंग में कैलाश गुर्जर,अल्लादीन खां,महेश जड़वाल, विजेन्द्र प्रजापति(पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष),मुरारी असवाल,कालू मिश्रा,पूरण वर्मा री.नाजिर,सत्तार खां,सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# किसान सम्मेलन: राज्य सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध : पाली जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा

**चमकता राजस्थान**



**जयपुर! (खलील कुरैशी) 13 दिसंबर।** राज्य सरकार के एक साल पूर्ण होने पर शुक्रवार को पाली जिले में किसान सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार ने इसके लिए कई कदम उठाए है ।मुख्य कार्यक्रम अजमेर के कायड में मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में उन्होंने उधान विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग व अन्य की भागीदारी रही। इस अवसर पर सोजत विधायक शोभा चौहान भी मौजूद रही और संवाद में भाग लिया। इस अवसर पर कृषकों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित किया गया । आज के कार्यक्रम में उद्यान ,कृषि , सहकारिता आदि विभागों की भागीदारी रही । इस अवसर पर उद्यान विभाग के उप निदेशक मनोज अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में 6030 अनुदान राशि सांकेतिक रूप से व ड्रिप व मिनी फव्वारा संयंत्र के पाली के 239 किसानों को कुल 30 लाख से ऊपर व 206 प्रशासनिक स्वीकृति दी व लाभांश डी बी टी के माध्यम से हस्तांतरण लाभान्वित किया गया । इस अवसर पर उधान विभाग से नवाचार के रूप में पाली जिले के बूसी गांव के किसान विजय को अंगूर की खेती के लिये, देवली पाबूजी के किसान नारायण चौधरी को सीताफल खेती के लिये ,सुमेरपुर के किसान मानवेंद्र सिंह को 100 बीघा में सब्जियों की खेती के लिये प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इसी प्रकार कृषि विभाग से भी लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से लाभांश दिया गया। संयुक्त निदेशक कृषि प्रदीप कुमार छाजेड़ ने बताया कि फार्म पौण्ड ,तारबंदी , कृषि संयंत्र, छात्राओं को प्रोत्साहन राशि, सिंचाई पाईप लाईन राशि की टॉप अप राशि, वर्मी कम्पोस्ट स्थाई संरचना के, गोरधन जैविक उर्वरक योजना के कुल 582 किसानों को 173 लाख 36 की राशि हस्तान्तरण की गयी।

### 640 को ब्याज मुक्त ऋण दिया

इसी प्रकार सहकारिता विभाग में ग्राम सेवा सहकारी समिति गोदाम निर्माण के लिए चेक वितरण, अन्न भंडारण योजना अंतर्गत बजट घोषणा 24 25 के तहत 500 एमटी गोदाम की प्रथम किश्त का चेक वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक निदेशक सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक पूनाराम चोयल ने बताया कि घाणेराव ग्राम सेवा सहकारी समिति लि घाणेराव को आठ लाख व लापोद ग्राम सेवा सहकारी समिति को 8 लाख का हस्तांतरण किया गया। साथ ही नवीन गोदाम बजट घोषणा 100 एमटी की प्रथम किश्त तख्तगढ ग्राम सेवा सहकारी समिति को 4 लाख रुपये की राशि की गयी। इसी प्रकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना में कुल लक्ष्य 529 के लक्ष्य से अधिक 640 को लोन वितरण किया गया जो ब्याज मुक्त ऋण है।इस दौरान सोजत विधायक शोभा चौहान, पाली जिला कलेक्टर एलएन मंत्री,एसपी चुनाराम जाट, किसान व गणमान्य नागरिक आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 23वीं बरसी : प्रधानमंत्री मोदी ने संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संसद पर हुए आतंकी हमले की 23वीं बरसी पर अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू और और अन्य नेता शामिल हैं। 13 दिसंबर 2001 को दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल जगदीश, मातबर, कमलेश कुमारी, नानक चंद और रामपाल, दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश, बिजेंद्र सिंह और घनश्याम तथा सीपीडब्ल्यूडी के माली देशराज ने आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था।

### झांसी में एनआईए टीम से धक्का-मुक्की पर 111 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी में विदेशी फंडिंग के मामले में इस्लामिक टीचर के घर एनआईए व एटीएस टीम की छापेमारी के दौरान बवाल करने के मामले में पुलिस ने देररात मुकदमा दर्ज कर लिया है। झांसी की शहर कोतवाली पुलिस ने 11 ज्ञात व 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमे में अज्ञात लोगों में महिलायें भी शामिल हैं। गौरतलब है कि एनआईए व एटीएस टीम ने कोतवाली क्षेत्र के सलीम बाग इलाके में गुरुवार को दीनी तालीम देने वाले इस्लामिक टीचर मुफ्ती खालिद के घर छापामारी की थी। लगभग नौ घंटे पूछताछ के बाद जब टीम मुफ्ती खालिद को लेकर निकली तो इलाके के लोगों ने टीम को घेर लिया और धक्कामुक्की कर मुफ्ती खालिद को छुड़ा लिया। बाद में कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने मुफ्ती खालिद को गिरफ्त में लिया। हालांकि पुलिस लाइन में लगभग सात घंटे पूछताछ के बाद देर रात मुफ्ती खालिद को छोड़ दिया गया। इसके बाद पुलिस ने 11 ज्ञात व 100 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### सात साल से फरार नाबालिग के अपहरण का ईनामी आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार।** नाबालिग के अपहरण के मामले में सात साल से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के ईनामी आरोपित को हरिद्वार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को मनसा देवी रोपवे गेट के पास से पकड़ा गया।दरअसल, 2018 में ज्वालापुर क्षेत्र की निवासी एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप लगाते हुए प्रदीप (पुत्र ताराचंद), निवासी कंजर बस्ती तेलियान, ज्वालापुर, हरिद्वार के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन वह तभी से फरार चल रहा था। आरोपित की गिरफ्तारी न होने पर कोर्ट ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था। हरिद्वार के एसएसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। इसके बाद पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित प्रदीप को शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित मनसा देवी रोपवे गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।

### मुठभेड़ के बाद एक बदमाश गिरफ्तार, पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की कापसहेड़ा थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक आरोपित विपिन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से .32 पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किया है। जांच में पता चला है कि आरोपित पहले से नौ मामले में शामिल रहा है। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेन्द्र चौधरी ने पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि कापसहेड़ा थाना पुलिस को गुरुवार देर रात सूचना मिली कि एक बदमाश कापसहेड़ा गंदा नाले के पास आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस ने इलाके में जाल बिछाया। पुलिस ने आरोपित को आता देख उसे रुकने के लिए कहा। जिस पर आरोपित ने पुलिस टीम पर दो राउंड गोली चलाई। एक गोली पुलिस के हेडकांस्टेबल को लगी लेकिन बुलेट प्रूफ जैकेट होने के कारण वह बच गया। इधर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में हमलावर के ऊपर गोली चलाई। एक गोली आरोपित के पैर में लगी। पुलिस ने घायल आरोपित को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया।

# वीजा देना हमारा संप्रभु अधिकार, दुष्प्रचार फैला रहा कनाडा का मीडिया : विदेश मंत्रालय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कनाडा के कुछ लोगों को भारतीय वीजा नहीं दिए जाने से जुड़ी रिपोर्ट पर कहा है कि यह किसी भी देश का संप्रभु अधिकार है। साथ ही मीडिया रिपोर्ट को दुष्प्रचार का हिस्सा बताया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि हमने कई मौकों पर मीडिया में ऐसी रिपोर्टें देखी हैं। यह कनाडाई मीडिया की ओर से भारत के खिलाफ चलाए जा रहे दुष्प्रचार अभियान का एक और उदाहरण है। यह बदनाम करने का प्रयास है।



उन्होंने कहा कि वीजा के विषय पर निर्णय लेने का किसी भी देश का संप्रभु अधिकार है। किसे वीजा देना है, यह एक आंतरिक मामला है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए। यह तय करना हमारा वैध अधिकार है कि वीजा दिया जाए या नहीं। खासकर हमारे खिलाफ बोलने और हमें बदनाम करने की कोशिश करने वालों को।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में प्रवक्ता ने पिछले सप्ताह कनाडा में भारतीय छात्रों की हिंसा में हुई मौतों पर कहा कि भारत उन्हें हर संभव मदद प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि हिंसक अपराधों में तीन भारतीय छात्रों की हत्या कर दी गई है। हम कनाडा में हमारे नागरिकों पर हुई इन भयानक त्रासदियों से दुखी हैं। हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। ओटावा में हमारा उच्चायोग और टोरंटो और वैंकुवर में वाणिज्य दूतावास इस मामले में पीड़ितों को हर संभव मदद दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय मिशन इन घटनाओं की गहन जांच के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। कनाडा में भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से छात्रों की सुरक्षा और कल्याण हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। घृणा अपराध और आपराधिक हिंसा की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए हमने अपने नागरिकों और भारतीय छात्रों के लिए अत्यधिक सावधानी बरतने और बिगड़ते सुरक्षा माहौल को देखते हुए सतर्क रहने के लिए एक सलाह भी जारी की है।

# घुमंतु परिवारों को आवश्यक सुविधा दिलाने हेतु शिविर आयोजित

चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक /श्रीनगर /अजमेर नसीराबाद :-



अजमेर जिले की श्रीनगर पंचायत समिति के अधीन ग्राम पंचायत श्रीनगर पर श्रीनगर कानाखेड़ी एवं फारकिया पंचायत वाले विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु परिवारों के लिए आवश्यक दस्तावेज बनवाने व अन्य सुविधाएं लिए सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के सह प्रभारी नायब तहसीलदार अजय पाल जाजोरा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत यह शिविर लगाए जा रहे हैं । विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु समुदाय के लोगों के दस्तावेज बनाने व इन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में अतिरिक्त विकास अधिकारी मनोज कुमार मौर्य, सहायक विकास अधिकारी राकेश विजय, श्रीनगर सरपंच दिलीप राठी ,ग्राम विकास अधिकारी सुनीता शर्मा, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देतवाल, कनिष्ठ सहायक जगदीश गुर्जर ने मौजूद रहकर समुदाय के लोगों के दस्तावेज बनवाने मैं सहयोग किया । पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी मनोज कुमार मौर्य ने बताया कि शिविर में 37 व्यक्तियों के घुमंतू पहचान प्रमाण पत्र बनाए गए। 30 व्यक्तियों के जाति प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए वहीं 15 व्यक्तियों के मूल निवास प्रमाण पत्र, 55 व्यक्तियों को निशुल्क दवा वितरण किट दिया गया। तीन व्यक्तियों के आधार कार्ड के आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, राजस्व विभाग ,चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग ,चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग निर्वाचन विभाग, के सक्षम कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर दस्तावेज बनवाए शिविर में सहायक विकास अधिकारी मुकेश काकानी ,रामकिशोर यादव ,वरिष्ठ सहायक राम रतन चौधरी कनिष्ठ सहायक अमित चावरिया ,नजीर चीता लक्ष्मण सेन, हरका गुर्जर भंवरलाल माली ने मौजूद रहकर शिविर में आए लाभान्वितों का दस्तावेज बनाने में सहयोग किया।

## रिलायंस रिटेल ने होम थिएटर टीवी की नई रेंज लॉन्च की

- हरमन के सहयोग से बनी है बीपीएल होम थिएटर टीवी रेंज




**चमकता राजस्थान। नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े रिटेलर, रिलायंस रिटेल लिमिटेड ने स्वदेशी रूप से विकसित छह होम थिएटर एलईडी टीवी की रेंज लॉन्च की है। इन्हें ऑडियो उपकरण बनाने में महारत रखने वाले कंपनी हरमन के साथ साझेदारी में बनाया गया है। बीपीएल ब्रांड के तहत लॉन्च किए गए इन टीवी को कुछ इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि ग्राहकों को बेहतरीन साउंड और असाधारण पिक्चर क्वालिटी के साथ सिनेमा देखने जैसा एक्सपीरियंस मिले।

कंपनी के मुताबिक बाजार में हाई-क्वालिटी व हाई-डेफिनेशन डिजिटल कंटेंट तेजी से बढ़ रहा है और उपभोक्ता ऐसे टीवी की तलाश में हैं जो शानदार ऑडियो आउटपुट और इमर्सिव पिक्चर क्वालिटी वाला एंटरटेनमेंट परोस सके। इसके लिए रिलायंस रिटेल के ऑडियो-ईएफएक्स ट्यूनिंग सॉफ्टवेयर और हरमन के सहयोग से बीपीएल होम थिएटर टीवी रेंज लॉन्च की है।

लॉन्च की गई रेंज के सभी छह होम थिएटर पूरी तरह 'मेड-इन-इंडिया' हैं। बीपीएल होम थिएटर एलईडी टीवी अब देश भर में इलेक्ट्रॉनिक स्टोर्स, रिटेल आउटलेट्स और जियो मार्ट और रिलायंस डिजिटल.इन जैसे ई कॉमर्स मार्केटप्लेस पर भी उपलब्ध हैं।

### थियेटर में भगदड़ में महिला की मौत का मामला

# अभिनेता अल्लू अर्जुन गिरफ्तार

एजेंसी

**हैदराबाद।** जाने-माने तेलुगु फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन को हैदराबाद पुलिस ने शुक्रवार को हिरासत में लिया है। 'पुष्पा 2' की रिलीज के मौके पर हैदराबाद के आरटीसी चौराहे पर संध्या थिएटर में भगदड़ मच गई थी, जिसमें रेवती नाम की महिला की मौत हो गई और उसका बेटा श्रीतेजा गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस घटना के संबंध में दर्ज मामले में आरोपित के तौर पर अल्लू अर्जुन का भी नाम है। इसी मामले में पुलिस आज कुछ देर पहले अल्लू अर्जुन के घर जाकर फिल्म अभिनेता को हिरासत में लिया।



सुकुमार द्वारा निर्देशित फिल्म पुष्पा 2: द रूल में अल्लू अर्जुन ने अभिनय किया है। 5 दिसंबर को यह फिल्म दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इससे पहले 4 दिसंबर (बुधवार) को अलग-अलग इलाकों में प्रीमियर शो किए गए थे और इसी क्रम में हैदराबाद के संध्या थिएटर में हुए प्रीमियर शो में भगदड़ को लेकर सिनेमाघर प्रबंधन और अभिनेता अर्जुन पर आरोप है कि उन्होंने पुलिस को आयोजन की जानकारी नहीं दी। पुलिस को अगर इसकी जानकारी दी गई होती तो सुरक्षा उपायों के जरिये घटना को टाला जा सकता था।

पुलिस का कहना कि अभिनेता को देखने बड़ी संख्या में प्रशंसक शामिल हुए। पुलिस को इस बात की जानकारी नहीं दी गई थी प्रबंधन ने कोई सावधानी नहीं बरती। जनता को नियंत्रित करने के लिए थिएटर के प्रवेश और निकास द्वार पर कोई निजी सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की गई।

हैदराबाद के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस आकांक्षा यादव ने अपने बयान में कहा है कि रात 9.40 बजे अल्लू अर्जुन निजी सुरक्षाकर्मियों के साथ संध्या थिएटर पहुंचे। तभी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ को धक्का देना शुरू कर दिया। थिएटर पहले से ही अंदर और बाहर दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। इसी क्रम में मारपीट हो गयी। इस भगदड़ में दिलसुखनगर की रेवती का परिवार गिर गया। रेवती नाम की महिला और उसके 13 वर्षीय बेटे श्रीतेजा को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंच गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। उसके बेटे की हालत गंभीर है और उसका इलाज किया जा रहा है।

डीसीपी ने कहा, हमने पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को अल्लू अर्जुन को पुलिस ने हिरासत में लिया है। अल्लू अर्जुन को हैदराबाद के नामपल्ली के सिटी क्रिमिनल कोर्ट को ले जाया गया।

# वर्तमान सरकार संविधान में मिला सुरक्षा कवच तोड़ रही : प्रियंका गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव एवं पहली बार संसद पहुंची प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि भारत के संविधान ने देश की जनता को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय का वादा करते हुए एकता, न्याय और सुरक्षा का कवच दिया है। वर्तमान सरकार इस सुरक्षा कवच को तोड़ने का प्रयास कर रही है।



विपक्ष की ओर से संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष चर्चा में प्रियंका ने कहा कि निजीकरण और लैटरल एंट्री के जरिए सामाजिक न्याय से जुड़ा सुरक्षा कवच तोड़ने की कोशिश की जा रही है। अगर वर्तमान सरकार पूर्ण बहुमत से आती तो संविधान बदलने का प्रयास जारी रहता।

प्रियंका ने अपने पहले भाषण में अपने भाई राहुल गांधी की तरह जातिगत जनगणना, अडाणी और संविधान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का देश के निर्माण में बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने बैंकों और खदानों के राष्ट्रीयकरण का जिक्र किया। साथ ही सत्ता पक्ष पर आरोप लगाया कि आज महंगाई, बेरोजगारी जैसे विषयों पर संसद में चर्चा नहीं होती है। वायनाड से लेकर ललितपुर तक देश का किसान रो रहा है।

प्रियंका ने उद्योगपति गौतम अडाणी का नाम लिया। उन्होंने कहा कि देश में हर मौका एक व्यक्ति को दिया जा रहा है और 142 करोड़ जनता को नकारा जा रहा है। ऐसा कर सरकार संविधान में मिले आर्थिक सुरक्षा कवच को तोड़ रही है।

### पीएम मोदी पर साधा निशाना, बोलीं पैसे के बल पर आज सरकारों को गिराया जा रहा

प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राजनीतिक न्याय की बात करते हैं लेकिन पैसे के बल पर आज सरकारों को गिराया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी वाशिंग मशीन बन गई है। उन्होंने कहा, 'यहां दाग, वहां स्वच्छता।' संविधान को सर माथे पर लगाने की प्रधानमंत्री बात करते हैं लेकिन देश में संभल और मणिपुर न्याय की गुहार लगा रहा है और उनके माथे पर शिकन भी नहीं है। शायद उन्हें पता नहीं है कि यह संविधान है, संघ का विधान नहीं। उन्होंने कहा कि आज देश में भय का माहौल है। देश की एकता को तोड़ा जा रहा है। मीडिया भी सरकार का एजेंडा चला रही है। यह हमें अंग्रेजों के काल की याद दिलाता है। लेकिन हर भय दिखाने वाला स्वयं भय का शिकार हो जाता है। वर्तमान सरकार भी इसी भय का शिकार है। वो चर्चा से डरती है और आलोचना से भागती है।

**राज्यसभा** सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ बने गतिरोध के कारण हंगामे की भेट चढ़ी कार्यवाही

# मैं किसान का बेटा हूं, मैं कमजोरी नहीं दिखाऊंगा : धनखड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ बने गतिरोध के कारण शुक्रवार को भी सदन की कार्यवाही हंगामे की भेट चढ़ गई। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले आज सभापति और सदन में विपक्ष के नेता के बीच खूब कहासुनी हुई।




मीडिया में चल रहे व्यवस्थित अभियान पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज कहा, 'दिन-रात केवल सभापति के खिलाफ अभियान चल रहा है... यह अभियान मेरे खिलाफ नहीं, बल्कि मेरी श्रेणी के खिलाफ है।'

उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा, 'मुझे व्यक्तिगत रूप से पीड़ा है कि मुख्य विपक्षी दल ने सभापति के खिलाफ एक तीव्र अभियान चला रखा है। उन्हें मेरे खिलाफ प्रस्ताव लाने का संवैधानिक अधिकार है लेकिन वे संवैधानिक प्रावधानों से विचलित हो रहे हैं... मैंने सार्वजनिक डोमेन में जो कुछ भी चलाया जा रहा है, उसका अध्ययन कर लिया है। हम संविधान का पालन क्यों नहीं कर सकते? आपने एक नोटिस दिया, जिसे हमने प्राप्त किया, आपने अपने प्रेस सम्मेलन में पूछा कि नोटिस का क्या हुआ? यह इंगित करते हुए कि सभापति नोटिस पर बैठे हुए हैं..कानून को पढ़िए, आपका प्रस्ताव आ गया है, 14 दिन के बाद आएगा। आपने एक अभियान शुरू कर दिया है।

### मैं भी मजदूर का बेटा हूं : खरगे

सभापति के वक्तव्य का जवाब देते हुए कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आप किसान के बेटे हैं तो मैं मजदूर का बेटा हूं। उन्होंने सभापति पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा, 'आप भाजपा के सांसदों को बोलने का मौका दे रहे हैं जबकि कांग्रेस को नहीं। हम यहां आपकी तारीफ सुनने नहीं आए हैं।' कांग्रेस सांसद खरगे ने कहा कि सदन चलाना सभापति की जिम्मेदारी होती है। सभापति विपक्षी सांसदों का अपमान करते हैं। जो सभापति मेरा सम्मान नहीं कर रहे, मैं उनका क्या सम्मान कर सकता हूं। आप मेरा अपमान कर रहे हैं।'

किसान पुत्र होने और देश के लिए अपना जीवन समर्पित करने की बात करते हुए सभापति ने कहा, 'यह स्वीकार करें कि मैं एक किसान का बेटा हूं, मैं कमजोरी नहीं दिखाऊंगा, मैं देश के लिए मर जाऊंगा, मिट जाऊंगा....आप लोग नहीं सोचेंगे, 24 घंटे में केवल एक काम है, किसान का बेटा यहां क्यों बैठा है? मैं अपनी आंखों से देख रहा हूं और पीड़ा महसूस कर रहा हूं।'

राज्यसभा के सभापति ने बार-बार विपक्ष के नेता से अपील करते हुए कहा कि वे दोपहर में उनके कक्ष में मिलने का समय निकालें। इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए पूरी कोशिश होगी। सदन में जो कार्यवाही हो रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि सदन चलाना राष्ट्र, देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण है।

# गुरदासपुर में पुलिस थाने पर ग्रेनेड फेंका, नहीं हुआ धमाका

- बब्बर खालसा ने ली जिम्मेदारी, कहा- अगला निशाना पुलिस के नाके

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के गुरदासपुर जिले में आतंकियों ने गुरुवार की देर रात हैंड ग्रेनेड फेंका, लेकिन संयोग से ग्रेनेड न फटने से बड़ा हादसा होने से टल गया। पंजाब पुलिस आधिकारिक रूप से इस बारे में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है, लेकिन खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इस घटना की जिम्मेदारी ली तो पूरा मामला खुल गया। शुक्रवार को अल सुबह एडीजीपी नौनिहाल सिंह भी गुरदासपुर पहुंचे। इससे पहले अमृतसर में 23-24 नवंबर की रात को अजनाला थाने के बाहर आईईडी प्लांट किया गया था, जो तकनीकी खराबी के कारण फटा नहीं। चार दिसंबर की रात अमृतसर जिले के मजीठा पुलिस थाने में भी जोरदार धमाका हुआ था। अमृतसर में धमाके के प्रयास व धमाके की घटना को लेकर पुलिस आजतक चुप है।

इस बीच गुरुवार की रात मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने गुरदासपुर जिले के अंतर्गत आते घनिया के बांगर पुलिस थाने की तरफ कोई चीज फेंकी। कुछ समय बाद पता चला कि यह हैंड ग्रेनेड था। बमनुमा वस्तु फेंकते समय मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया, जिससे ग्रेनेड सही तरीके से नहीं गिरा और धमाका होने से बच गया।

# संक्षिप्त खबरें

## युगांडा, तंजानिया ने सीएएफ अफ्रीकी स्कूल फुटबॉल चैम्पियनशिप जीती

**कंपाला।** युगांडा और तंजानिया ने अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) स्कूल फुटबॉल चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया है।सेंट नूह गर्ल्स स्कूल की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाली युगांडा की टीम सात अंक प्राप्त करके लड़कियों की श्रेणी में चैंपियन बनी।युगांडा ने गुरुवार को मध्य युगांडा के किटेंडे स्थित सेंट मैरी स्टेडियम में खेले गए अपने आखिरी मैच में रवांडा को 8-0 से हराया। दूसरे मैच में तंजानिया ने बुरुंडी को 1-0 से हराकर सात अंक प्राप्त किए, लेकिन कम गोल अंतर के कारण वह युगांडा से पीछे रह गया। लड़कों की श्रेणी में, तंजानिया रवांडा को 2-0 से हराकर युगांडा से बेहतर गोल अंतर के साथ चैंपियन बनकर उभरा, क्योंकि दोनों टीमें छह अंकों पर बराबरी पर थीं। गुरुवार को श्रेणी के दूसरे मैच में, सोमालिया और बुरुंडी ने गोल रहित ड्रॉ खेला। टूर्नामेंट में पांच लड़कों की टीमें और चार लड़कियों की टीमें शामिल थीं। प्रत्येक श्रेणी के चैंपियन को एक ट्रॉफी, स्वर्ण पदक और 100,000 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार दिया जाता है।

## बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम घोषित, शाई होप, शेरफेन रदरफोर्ड बाहर

**किंगसटाउन।** वेस्टइंडीज ने घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। विकेटकीपर-बल्लेबाज शाई होप और बाएं हाथ के बल्लेबाज शेरफेन रदरफोर्ड को टीम से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग में खेलने के कारण इस जोड़ी को बाहर कर दिया गया, रोवमैन पॉवेल एक बार फिर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वेस्टइंडीज का नेतृत्व करेंगे। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज कीसी कार्टी ने सेंट किट्स में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में 95 रन बनाकर पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय कॉल-अप हासिल किया, जबकि अनुभवी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स भी चोट के कारण हाल ही में सीरीज गंवाने के बाद वापस लौटे हैं। वेस्टइंडीज के कोच डेरेन सैमी ने कहा कि टीम को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के 2026 संस्करण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा, कार्टी ने हमें दिखाया है कि वह उस प्रारूप में एक बल्लेबाज हो सकता है, और बांग्लादेश के खिलाफ खेलते हुए, एक ऐसी टीम जिसे हम हल्के में नहीं ले सकते, हमें डेक पर सभी की जरूरत है। हमारे पास उपलब्ध खिलाड़ियों के साथ टीम का सावधानीपूर्वक चयन किया गया था, और मुझे विश्वास है चैंपियनशिप जीतने के लिए आवश्यक अनुभव के साथ यह हमारी सबसे व्यवस्थित टीम है।

## जेसन गिलेस्पी ने पाक टेस्ट टीम के कोच पद से दिया इस्तीफा, आकिब जावेद ने संभाली कमान

**लाहौर।** जेसन गिलेस्पी ने पाकिस्तान टेस्ट टीम के कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने गुरुवार को टीम के दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका रवाना होने से कुछ घंटे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अपने फैसले की जानकारी दी। गिलेस्पी का इस्तीफा काफी हद तक अपेक्षित था, क्योंकि पीसीबी ने उनके सहायक कोच टिम नीलसन के अनुबंध को नवीनीकृत करने से इनकार कर दिया था। ऐसा कहा जाता है कि गिलेस्पी और नीलसन दोनों के बीच अच्छे कामकाजी संबंध थे। गुरुवार देर रात पीसीबी ने कहा कि आकिब जावेद अंतरिम आधार पर रेड बॉल कोच का पद संभालेंगे। आकिब को पहले भी गैरी कर्स्टन के इस्तीफे के बाद व्हाइट-बॉल टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था और वह वर्तमान में तीन टी20 और तीन वनडे मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका में पाकिस्तान व्हाइट-बॉल टीम के साथ हैं। पीसीबी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, रेड-बॉल हेड-कोच जेसन गिलेस्पी के इस्तीफे के बाद पीसीबी ने आकिब जावेद को अंतरिम रेड-बॉल हेड कोच नियुक्त किया है। रेड-बॉल हेड कोच के तौर पर आकिब का पहला काम पाकिस्तान की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज होगी। पहला टेस्ट 26 से 30 दिसंबर तक सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में खेला जाएगा।

## डी गुकेश ने रचा इतिहास, सबसे कम उम्र के बने वर्ल्ड चैंपियन; लिरेन को हराकर जीता खिताब



**नई दिल्ली।** वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप 2024 में भारत के डी गुकेश सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बने। 18 वर्षीय ने 14वें गेम में चीन के डिंग लिरेन को हराकर प्रतिष्ठित खिताब जीता। वह विश्वनाथन आनंद के बाद शतरंज में वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने। मैच में लिरेन एक गलती से पूरी बाजी पलट गई।

# नीरज चोपड़ा की प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल किया गया



**पेरिस 2024 ओलंपिक रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा और विश्व एथलेटिक्स महिला फील्ड इवेंट एथलीट ऑफ द ईयर यूक्रेन की यारोस्लावा महुचिख उन 23 एथलीटों में शामिल हैं जिनकी प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल किया गया। विश्व एथलेटिक्स संग्रहालय (एमओडब्ल्यूए) एथलीटों की कलाकृतियों को ऑनलाइन 3डी प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित करेगा।**

- **महुचिख ने जुलाई में स्टेड चालेर्टी में पेरिस डायमंड लीग में 2.10 मीटर की छलांग के साथ लंबे समय से चले आ रहे विश्व हाई जंप रिकॉर्ड को तोड़ा और अगस्त में स्टेड डी फ्रांस में ओलंपिक खिताब जीता**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने एक आधिकारिक बयान में कहा, उन एथलीटों को धन्यवाद जिन्होंने 2024 में हमारे संग्रहालय के संग्रह के लिए अपने प्रतियोगिता के कपड़े, जूते और यहां तक कि पदक भी दान कर दिए हैं। इस साल हमें 1960 के दशक के दो आइकन, व्योमिया टायस और बिली मिल्स, और 1980 के ओलंपिक 100 मीटर चैंपियन एलन वेल्स, साथ ही 2000 और 2008 के ओलंपिक हेप्टाथलॉन स्वर्ण पदक विजेता क्रमशः डेनिस लुईस और नतालिया डोब्रिंस्का से ऐतिहासिक ओलंपिक जीतने वाली वस्तुएं मिली हैं। उन्होंने कहा, अपने ओलंपिक संग्रह को अद्यतन रखते हुए, हमें आज पेरिस 2024 पदक विजेताओं यारोस्लावा महुचिख, थिया लाफॉन्ड और नीरज चोपड़ा से दान की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। महुचिख ने जुलाई में स्टेड चालेर्टी में पेरिस डायमंड लीग में 2.10 मीटर की छलांग के साथ लंबे समय से चले आ रहे विश्व हाई जंप रिकॉर्ड को तोड़ा और अगस्त में स्टेड डी फ्रांस में ओलंपिक खिताब जीता।

उन्होंने अपना पेरिस ओलंपिक सिंगलेट, नाम बिब और शॉर्ट्स एमओडब्ल्यूए को दान कर दिया है। महुचिख ने मोनाको में विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार 2024 में भाग लेने के दौरान कोए को ये आइटम भेंट किए।लाफॉन्ड, जिन्होंने पेरिस में ओलंपिक ट्रिपल जंप का खिताब 15.02 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता था और डोमिनिका की किसी भी खेल में पहली ओलंपिक पदक विजेता बनी थीं, ने पेरिस में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान पहनी गई क्रॉप टॉप को इस संग्रह में शामिल किया है।

2024 में, लाफॉन्ड को विश्व इनडोर चैंपियन का भी ताज पहनाया गया, उन्होंने 15.01 मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्ड छलांग के साथ यह खिताब जीता था। टोक्यो खेलों में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर एथलेटिक्स में भारत का पहला ओलंपिक खिताब जीतने वाले नीरज ने पेरिस 2024 में पहनी गई प्रतियोगिता टी-शर्ट दान कर दी है।89.45 मीटर के अपने दूसरे दौर के थ्रो के साथ, चोपड़ा ने अरशद नदीम के पीछे रजत पदक हासिल किया, जिन्होंने 92.97 मीटर का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया था।

## ब्रिस्बेन में परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण: गिल



एजेंसी

**ब्रिसबेन।** गाबा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट से पहले, स्टार भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि ब्रिस्बेन में परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण हैं लेकिन 30 से 35 ओवर के बाद पहले बल्लेबाजी करना आसान होता है।

सीरीज का तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर को ब्रिसबेन क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होने वाला है। दोनों टीमें 1-1 मैच जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में बराबरी पर हैं। अगला मुकाबला द गाबा में होगा, एक ऐसा मैदान जहां 2020-21 के दौरे के दौरान एक अनुभवहीन भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 32 वर्षों में अपनी पहली टेस्ट हार दी थी।

गिल ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जिस तीव्रता से यहां खेल खेले जाते हैं, खासकर टेस्ट मैच, वह कठिनाइयों में से एक है क्योंकि पांच दिनों तक एक ही तीव्रता बनाए रखना ऑस्ट्रेलियाई दौरे को इतना कठिन बनाता है और सबसे बढ़कर यह मानसिक तीव्रता और मानसिक फिटनेस है जिसकी यहां ऑस्ट्रेलिया में आवश्यकता होती है।

दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि ब्रिस्बेन में परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण हैं लेकिन 30 से 35 ओवर के बाद नई गेंद आने से पहले बल्लेबाजी करना आसान होता है।

उन्होंने कहा, ब्रिसबेन की परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन 30 से 35 ओवर तक का समय होता है जब तक कि दूसरी नई गेंद नहीं आ जाती, तब बल्लेबाजी करना आसान होता है। ऑस्ट्रेलिया की पिचें तेज हैं और ऑस्ट्रेलिया का इतिहास यह है कि उन्होंने अच्छे तेज गेंदबाजों के साथ खेला है क्योंकि विकेट ने उन्हें मदद की है क्योंकि यह कठोर और तेज है। आपको वहां रहना होगा और मैदान पर उसी मानसिक फिटनेस और तीव्रता के साथ खेलने के लिए तैयार रहना होगा।

## त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी पदक विजेताओं से बाहर


एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद शुक्रवार को हांग्जो में अपने ग्रुप ए मुकाबले में जापानी जोड़ी नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा के खिलाफ सीधे गेम में हारकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2024 से बाहर हो गई।



भारतीय जोड़ी करो या मरो वाले मैच में 17-21, 13-21 से हार गई, जहां एक जीत उन्हें टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह दिला सकती थी। ट्रीसा और गायत्री, (सीजन के अंतिम टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय) को ग्रुप के अपने शुरूआती मैच में विश्व नंबर 1 लियू शेंग शू और चीन के टैन निंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने अपने दूसरे मैच में मलेशियाई जोड़ी पर्ली टैन और थिना मुरलीधरन के खिलाफ जीत के साथ वापसी की और अपनी सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखा। हालांकि, हालिया हार के बाद, वे तीन मैचों में केवल एक अंक के साथ अपने समूह में तीसरे स्थान पर रहे। चीनी और जापानी जोड़ी समूह में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहते हुए अगले चरण में आगे बढ़ी।

## गाबा टेस्ट से बोलैंड बाहर



एजेंसी

**गाबा।** जोश हेजलवुड को ब्रिसबेन में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। कप्तान पैट कमिंस ने पुष्टि की है कि वह स्कॉट बोलैंड की जगह लेंगे। आस्ट्रेलियाई एकादश में यह एकमात्र बदलाव होगा।

हेजलवुड पर्थ में पहले टेस्ट में साइड स्ट्रेन के कारण एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया की जीत से चूक गए थे, जबकि दूसरे टेस्ट में बोलैंड ने दो पारियों में पांच महत्वपूर्ण विकेट लिए थे।

हेजलवुड ने सप्ताह के दौरान कुछ फिटनेस टेस्ट दिए। गाबा नेट्स में केवल छोटे रन-अप उपलब्ध होने और कोई अतिरिक्त सेंटर विकेट नहीं होने के कारण, हेजलवुड गुरुवार को एलन बॉर्डर फील्ड में गेंदबाजी कोच डेनियल विटोरी की निगरानी में मिशेल स्टार्क के साथ अपना पूरा रन बनाने के लिए उतरे। गुरुवार की सुबह एडिलेड में भी गेंदबाजी करने के बाद, हेजलवुड को वापसी के लिए फिट घोषित किया गया है। कमिंस ने शुक्रवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के हवाले से कहा, जोश वापस आ गया है... उसे कोई परेशानी नहीं हुई। कल उसने बहुत अच्छी गेंदबाजी की, कुछ दिन पहले एडिलेड में भी उसने अच्छी गेंदबाजी की थी। वह और मेडिकल टीम बहुत आश्वस्त हैं।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने घोषित की अपनी प्लेइंग इलेवन



एजेंसी

**हैमिल्टन।** इंग्लैंड ने शुक्रवार को सेडॉन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश घोषित कर दी है। टीम में क्रिस वोक्स की जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को शामिल किया है।

कप्तान बेन स्टोक्स ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि इंग्लैंड हैमिल्टन में तीसरी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए अपने लाइन-अप में एक बदलाव किया गया है, जिसमें तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को साथी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की जगह वापस बुलाया गया है। इसका मतलब है कि ओली पोप कीपर की भूमिका में बने रहेंगे। इंग्लैंड ने क्राइस्टचर्च और वेलिंगटन में शुरूआती दो मैच जीत लिया है और अब उनका प्रयास क्लीन स्वीप करने का है। वहीं न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने सुझाव दिया कि वह यह घोषणा करने से पहले शनिवार की सुबह तक इंतजार करेंगे, अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले अंतिम टेस्ट खेलने का मौका मिलेगा या नहीं।

# व्यापार

## नवंबर में यात्री वाहनों की थोक बिक्री चार फीसदी बढ़कर 3.47 लाख इकाई पर



एजेंसी

**नई दिल्ली।** मजबूत मांग की वजह से नवंबर महीने में यात्री वाहनों की थोक बिक्री चार फीसदी बढ़कर 3,47,522 इकाई रही है। पिछले वर्ष नवंबर महीने में वाहन विनिमार्ताओं ने 3,33,833 यात्री वाहनों की वितरकों तक आपूर्ति की थी।

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि पिछले महीने दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री एक फीसदी की गिरावट के साथ 16,04,749 इकाई रही है, जबकि पिछले साल की इसी अवधि में यह 16,23,399 इकाई रही थी। सियाम ने कहा कि नवंबर माह में कुल तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री में भी सालाना आधार पर एक फीसदी तक की गिरावट देखी गई, जो 59,350 इकाई रही है। सियाम भारत में सभी प्रमुख वाहन और वाहन इंजन निमार्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली एक शीर्ष राष्ट्रीय संस्था है।

## बड़ी गिरावट के बाद शेयर बाजार की जोरदार छलांग, इंट्रा-डे में सेंसेक्स 2,131 अंक उछला

### निवेशकों को एक दिन के कारोबार से 1.28 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार ने शुक्रवार को पहले सत्र में बड़ी गिरावट का सामना करने के बाद दूसरे सत्र में शानदार रिकवरी की और जोरदार मजबूती के साथ बंद हुआ। शुक्रवार को दिन के कारोबार में सेंसेक्स निचले स्तर से 2,131 अंक और निफ्टी निचले स्तर से 611 अंक से ज्यादा उछल गए। कारोबार के अंत में हुई मुनाफा वसूली के कारण सेंसेक्स 1.04 प्रतिशत और निफ्टी 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

शुक्रवार को दिन भर के कारोबार में एफएमसीजी, बैंकिंग, ऑटोमोबाइल और टेलीकॉम सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, ऑयल एंड गैस, पीएसई और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। रियल्टी, मेटल, हेल्थकेयर और मीडिया सेक्टर



के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी शुक्रवार को आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ शुक्रवार के कारोबार का अंत किया।

शुक्रवार को शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 459.43 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 458.15 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.28 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

शुक्रवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,105 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,833 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,156 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 116 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,488 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,056 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,432 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 26 शेयर बढ़त के साथ और 4 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

## सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर सोना, चांदी की बढ़ी चमक



एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना आज सपाट स्तर पर कारोबार कर रहा है। हालांकि चांदी के भाव में शुक्रवार को 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। सोने के सपाट स्तर पर बने रहने की वजह से शुक्रवार को देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना शुक्रवार को 79,620 रुपये से लेकर 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये से लेकर 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत बढ़ कर 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना शुक्रवार को 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## जिला विकास पुस्तिका का किया विमोचन

# राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल के एक वर्ष के कार्यक्रम

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जिला विकास प्रदर्शनी का किया शुभारंभ





**चमकता राजस्थान**

अजमेर 13 दिसम्बर। उप मुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर अजमेर जिले के सूचना केन्द्र की नवनिर्मित आर्ट गैलेरी में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। जिला विकास पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस आर्ट गैलेरी को जवाहर कला केन्द्र की तर्ज पर विकसित करने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए गए।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जिला विकास प्रदर्शनी में विभागवार लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन किया। इसमें सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि विभाग द्वारा उन्नत फसल के बीज एवं उत्पाद, सहित जिले के पंच गौरव प्रदर्शन स्टाल का भी अवलोकन किया। इसमें एक जिला एक उपज में गुलाब, एक प्रजाति नीम, एक उत्पाद ग्रेनाइट, एक खेल कबड्डी एवं एक पर्यटक स्थल पुष्कर के कियोस्क की सराहना की।

विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी के साथ विचार विमर्श कर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सूचना केन्द्र में नवनिर्मित आर्ट गैलेरी को जवाहर कला केन्द्र की तर्ज पर विकसित करने की बात कही। इससे सूचना केन्द्र अजमेर की सामाजिक, सांस्कृतिक, कला, शैक्षिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों का केन्द्र बनेगा। इसके लिए प्रस्ताव बना कर समक्ष स्तर पर भिजवाने के निर्देश उप मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए। इसके विकसित होने से अजमेर के प्रबुद्ध वर्ग, कलाकारों, रंगकर्मियों, छायाकारों एवं अन्य वर्गों को लाभ मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पंच गौरव के रूप में एक नई शुरूआत की है। इससे स्थानीय उत्पदों तथा परम्पराओं को नया मंच मिलेगा। पुष्कर के गुलाब, किशनगढ़ के ग्रेनाईट, ग्रामीण क्षेत्रों का खेल कबड्डी तथा पुष्कर के पर्यटक स्थलों की पहुंच नए क्षेत्रों में होगी। इस कारण आर्थिक गतिविधियों के बढ़ने के साथ ही क्षेत्र में रोजगार के क्षेत्र में बढ़ोतरी होगी।

उन्होंने कहा कि विकास प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार के द्वारा एक वर्ष में किए गए कार्य को प्रस्तुत किया गया है। इसमें राज्य एवं जिले की विभागवार उपलब्धियों को भी स्थान दिया गया है। समस्त अजमेरवासियों को इसका अवलोकन करना चाहिए। अजमेर में हुए विकास कार्यों के प्रदर्शित होने से आम जन इनके बारे में विस्तार से जान पाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के द्वारा किसानों, पशुपालकों एवं युवाओं को कई सौगातें दी है। राईजिंग राजस्थान में हुए 35 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू विकसित राजस्थान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। राजस्थान एक नई आर्थिक शक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा है। किसान भी अन्नदाता से ऊर्जादाता बनकर आर्थिक रूप से सक्षम बन रहे है। पुष्कर को अयोध्याजी एवं काशीजी की तरह भव्य बनाया जाएगा। राजस्थान वित्त निगम के प्रबन्ध निदेशक एवं एक वर्ष के आयोजनों के पर्यवेक्षक श्री हरि मोहन मीणा द्वारा भी विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह लखावत, श्री देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश भडाणा, नसीराबाद के विधायक श्री रामस्वरूप लाम्बा, उप महापौर श्री नीरज जैन, अध्यक्ष श्री रमेश सोनी, जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री गजेन्द्र सिंह राठौड़ सहित जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन से गिरी वृद्धा की मौत, शव शिनाख्त के लिये एसएमएस मोर्चरी में रखवाया

**चमकता राजस्थान। फुलेरा (दामोदर कुमावत)।** फुलेरा जंक्शनके समीप भांवसा रेलवे स्टैशन पर किलोमीटर संख्या 219/18-20 के पास यात्री गाड़ी से गिरने से एक वृद्ध महिला घायल हो गई, जिसे जीआरपी फुलेरा ने ईलाज के लिये जयपुर एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ पर उसकी ईलाज के दोरान मत्यु हो गई। जीआरपी थानाधिकारी गुलजारी लाल ने बताया कि ऑन ड्युटी स्टेशन अधीक्षक ने स्टेशन के पास एक महिला उम्र लगभग 65 वर्ष की रेल से गिरकर घायल होने की सूचना दी, जिस पर तुरंत घायल महिला को एम्बुलेस से फुलेरा उप जिला अस्पताल लाया गया, जिसकी हालत गम्भीर होने पर ईलाज के लिये जयपुर रैफर कर दिया गया। जहाँ पर ईलाज के दौरान घायल महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतका अज्ञात महिला कौम हिन्दू, उम्र लगभग 65 साल, रंग सांवला, लम्बाई 5.4 फिट तथा शरीर दुबला-पतला, सिर के बाल सफेद, हरे रंग का ब्लाउज व काले रंग का लहंगा पहना हुआ। मृत महिला को जयपुर एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है, पुलिस मृतका के वारिस की तलाश कर रही है।

### उत्तर पश्चिम रेलवे संगठन मान्यता चुनाव में मजदूर संघ ने लहराया परचम



**चमकता राजस्थान। फुलेरा(दामोदर कुमावत)।** भारतीय रेलवे यूनियन मान्यता चुनाव में घोषित चुनाव परिणाम में उत्तर पश्चिम रेलवे जोन में मजदूर संघ ने कर्मचारियो के विश्वास को जीतते हुए अपना परचम लहराया है। इस ट्रेड यूनियन मान्यता चुनाव परिणाम में उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ सबसे बड़ी ट्रेड यूनियन का दर्जा प्राप्त किया है, उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ को जयपुर मंडल अजमेर मंडल अजमेर वर्कशॉप बीकानेर मंडल में ज़ोरदार जीत मिली है, इस मौके पर उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के जोनल महामंत्री विनोद मेहता ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह हमारी एकता, परिश्रम और ईमानदारी की जीत है जिसे मैं सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित करता हु। हम हमारे संकल्प के लिए वचनबद्ध है,और कर्मचारी हितों के लिए कल से अपना कार्य शुरू कर देंगे। मजदूर संघ के जयपुर मण्डल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित ने कहा कि यह जीत हमारे ईमानदार, कर्मठ एवं निष्ठावान कर्मचारियो की देन है।हमारे कर्मचारियों ने अपने तन,मन और निष्ठा से इन चुनाव में कार्य किया है और हमने जो वादे चुनाव में किये है उनके लिए हम संकल्पबद्ध रहेंगे। हमने पूरे मन से हमारे सभी कर्मचारियो को साथ लेकर सदैव उनके हितों के लिए संघर्षरत रहे है।जिसका यह परिणाम देखने को मिला है। हमारे कर्मचारी साथियो ने मजदूर संघ पर पूर्ण विश्वास जता कर उत्तर पश्चिम रेलवे में सबसे बड़े संगठन के रूप में इतिहास रच दिया।

चुनाव परिणाम के दौरान मंडल पदाधिकारियों, सदस्यों सैकड़ो कर्मचारी मौजूद रहे तथा एक दूसरे को बधाई देकर मीठा मुंह करवा कर जश्न मनाया। इसी प्रकार फुलेरा मजदूर संघब्रांचों के पदाधिकारियों सदस्य एवं कर्मचारियों ने रेलवे स्टेशन एवं रेलवे कॉलोनी परिसर पर जोर शोर से नारे लगाते जीत का जुलूस निकालकर एक दूसरे का मीठामुंह कराके जश्न मनाते हुए बधाइयां दी इस अवसर पर सुनील यादव,मनीषशर्मा, राघवेंद्र सिंह राव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बार-एसोसिएशन अध्यक्ष बने श्याम सिंह, सात मत से विजयी घोषित

## उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव व कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध प्रत्याशी घोषित



**चमकता राजस्थान**

नदबई,(राजवीर सिंह)। बार-एसोसिएशन अध्यक्ष पद को लेकर शुक्रवार को बार-एसोसिएशन कार्यालय में मतदान हुआ। जिसमें श्याम सिंह डागुर ने 32 वोट हासिल कर अपने प्रतिद्वंदी रमेशचंद देशवाल पर सात मतों से जीत हासिल की। बाद में समर्थक वकीलों ने नवनियुक्त अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्यों का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। गौरतलब है कि, अध्यक्ष पद को लेकर श्याम सिंह डागुर, रमेशचंद देशवाल, मनीष सेजवाल व रामकिशन गुर्जर के बीच मतदान हुआ। जिसमें श्याम सिंह डागुर को सात मतों से विजयी घोषित किया। जबकि, उपाध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश बिहारिया, महासचिव पद पर मोरध्वज सिंह, संयुक्त सचिव पद पर महावीर प्रसाद व कोषाध्यक्ष पद पर संजय कुमार को पहले ही निर्विरोध विजयी घोषित किया गया।

# पीएनबी मैनेजर अंकिता अग्रवाल ने पेंशनर्स को दी बैंक संबंधी जानकारियां



**चमकता राजस्थान**

**फुलेरा (दामोदर कुमावत)** । फुलेरा पंजाब नेशनल बैंक प्रबंधक अंकित अग्रवाल गुरुवार को रेलवे पेंशनर्स कार्यालय पहुंची, पेंशनर समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में फुलेरा पंजाब नेशनल बैंक प्रबंधक अंकित अग्रवाल का समिति की सुमित्रा सिंह नाथावत ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पीएनबी मैनेजर अंकित अग्रवाल ने उपस्थित पेंशनर्स को बैंक लॉकर्स के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए विभिन्न समस्याओं का समाधान भी पेंशनर्स को बताया इस मौके पर लालचंदकुमावत, रमेशचंद कुमावत, गिरधर गोपाल,शेष नारायण सैनी, सत्यनारायण कुमावत,एस के माथुर, लक्ष्मी नारायण, रामप्रसाद, नानूराम सहित पेंशनर्स उपस्थित थे।

### सम्मान समारोह आज रायपुर में

- किसान सम्मेलन में बनेगी आन्दोलन की रणनीति
- सिंचाई पानी की होगी माँग
- पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का होगा अभिनंदन

**चमकता राजस्थान। वैर (राजवीर सिंह)।** पानी के मुद्दों को लेकर लम्बे समय से आन्दोलन कर रहे नेताओं का अभिनंदन करने के लिये कल (आज) शनिवार को समीपवर्ती ग्राम रायपुर में भव्य सम्मान समारोह और किसान सम्मेलन का आयोजन होगा ।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजू रायपुर ने बताया कि कार्यक्रम भाकियू द्वारा आयोजित होगा । कार्यक्रम में भरतपुर और डीग जिलों में पानी और रोजगार का गम्भीर संकट है और इसके समाधान के लि ये समाजवादी विचारक और पूर्व सांसद तथा पूर्व विधायक पंड़ित रामकिशन और उनके निकटतम सहयोगी तथा पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट तथा उनके अनेक साथी वर्ष 2007 से लगातार संघर्ष कर रहे है जिसमें कुछ सफलता भी मिली है और इआरसीपी तथा यमुना पानी का कुछ काम और लाभ भी शुरू हुआ है । उन्होंने कहा कि जो लोग वगैर पदों और निस्वार्थ भाव से जनता के लिए लड़ते हैं ऐसे लोगों का हौसला बढ़ाने ' माँगे मनबाने और सम्मान करने तथा सहयोग करने की जिम्मेदारी सभी लोगों की बन जाती है और इसी क्रम में ग्राम रायपुर की सम्पूर्ण बस्ती आगुंतकों का नागरीक अभिनंदन करेगी । इस कार्यक्रम में आसपास के अनेक गाँवों के किसान हिस्सा लेगे तथा अनेक जनप्रतिनिधि तथा सभी राजनैतिक पार्टियों के नेता और कार्यकर्त्ता तथा विभिन्न संगठनों के लोगों को आमंत्रित किया गया है ।

सम्मान समारोह के दौरान कई संगीत पार्टीया भी अपनी प्रस्तुती देगी तथा किसान सम्मेलन का आयोजन होगा । इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ' किसान नेता इन्दल सिंह जाट ' कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा , राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष संतोष फौजदार ' डीग के किसान नेता मोहना गुर्जर ' डीग के उप प्रधान मनुदेव सिनसिनी , जगदीश गुर्जर एडवोकेट बंजी ' भरतपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता गाँधीदेव ' राजाराम , सहित जिले के अनेक .गणमान्य लोग शामिल होगे जिनका ग्रामवासियो द्वारा अभिनन्दन किया जायेगा ।

इस अवसर पर आयोजित होने बाले किसान सम्मेलन में सीता बाँध को और विकसित करके बन्ध बारैठा पाइप लाइन स्कीम में सम्मलित करने तथा इआरसीपी - पीकेसी के प्रथम चरण में सूखी पड़ी वाणगंगा नदी ' गम्भीर और रुपारेल नदी में पानी लाने तथा पाँचना बाँध के पानी का बँटबा रा करने तथा वाणगंगा नदी को गम्भीर से जोड़ने व समझौते के मुताविक यमुना का सम्पूर्ण पानी लेने की माँग की जायेगी । किसान सम्मेलन में सम्पूर्ण किसान समस्याओं और जिले में बढ़ती बेरोजगारी के समाधान पर विचार विमर्श कर सरकारों से समाधान की माँग की जायेगी । सम्मान समारोह रायपुर गाँवों में 11 बजे शुरू होगा ।

## रेल कर्मियों व समर्थकों को धन्यवाद व जताया आभार

# एन डब्ल्य आर ई यू ने विषम परिस्थितियों में फहराया परचम



**चमकता राजस्थान।**

**फुलेरा (दामोदर कुमावत)** । रेलवे ट्रेड यूनियन मान्यता चुनाव में उत्तर पश्चिम रेलवे जॉन में नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाई यूनियन ने विषम एवं कठिन परिस्थितियों में एम्पलाइज यूनियन के कर्मठ,समर्पित पदाधिकारी सदस्यों एवं कर्मचारियों के समर्थन की बदोलत नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन ने बहुमत लेकर उत्तर पश्चिम रेलवे में जीत का परचम लहराया , नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन जयपुर मंडल के अध्यक्ष के एस अहलावत ने रेल परिवार के सभी जुझारू कार्यकर्ताओं और पदाधिकारीयों के साथ साथ सभी रेल कर्मचारी साथियों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।अहलावत ने कहा कि यह परिणाम आप सभी की मेहनत वह रेल कर्मचारियों का एन डब्ल्यू आर ई यू के प्रति विश्वास दर्शाता है इसके लिए आप सभी धन्यवाद के पात्र हैं जबकि नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाई यूनियन जोनल कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी ने बताया कि इन मान्यता चुनाव में एम्पलाई यूनियन बड़ी कठिन परिस्थितियों में थी परंतु यूनियन में विश्वास रखने वाले रेलवे कर्मचारियों ने अपनी निष्ठा व ईमानदारी से यूनियन का सहयोग कर विजय बनाने में सहयोग किया। यह हमारे कार्यकर्ताओं एवं रेल कर्मचारियों के विश्वास का परिणाम है हमने रेलवे कर्मचारियों के लिए जी तोड़ जीवट व संघर्ष किया है,और यह आगे भी चलता रहेगा,चतुर्वेदी जी ने कहा कि यह हमारी यूनिटी एवं ईमानदारी की जीत है जो कार्यकर्ताओं के लिए समर्पित है। उन्होंने सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाईयां देते हुए कहा कि हम विश्वास दिलाते हैं कि नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन रेल कर्मचारियों के हर मुद्दे पर प्रशासन एवं सरकार से संघर्ष करने को तैयार है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929